उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# बी पी एस न्यूज

सच का साथी.....

www.bpsnews.in

वर्षः 11 || अंकः 40 || पृष्ठः 8 || मूल्य 2:00/- रुपए || कानपुर || सोमवार || 2 नवंबर-2026



अंदर के पृष्ठ पर | दीपावली से पूर्व मंडल की सभी सड़कें हों गड्ढामुक्तः मंडलायुक्त 4

राजा भैया को जान से मारने की धमकी, सोशल मीडिया से आपतिजनक संदेश, एफआईआर दर्ज 5

# लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ रैली में विपक्ष की दहाड़

## राहुल बोले- ज्ञानेश कुमार को भेजेंगे जेल, खरगे ने कहा- मोदी को हटाएंगे



» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली । दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोकतंत्र को कमजोर करने और विपक्ष को डराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। वहीं, पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने एसआईआर और मतगणना को लेकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने भी कथित वोट चोरी का मुद्दा उठाया। .

**शक्ति प्रदर्शन**


**खरगे बोले- मोदी को हटाएंगे, तभी बचेगा लोकतंत्र**

रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र में चोरी सरकारें हैं। भाजपा को सत्ता से बेदखल किए बिना हम चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी हमें डराने के लिए ईडी जैसी सरकारी एजेंसियों का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं क्योंकि हम सभी जानते हैं कि कैसे लड़ना है। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- पीएम मोदी हमें बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वह लोगों के वोट छीनने की कोशिश कर रहे हैं। रामलीला मैदान की रैली में कहा मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा- अगर मोदी जाएंगे तो ही लोकतंत्र बच सकता है।

**राहुल बोले- ज्ञानेश कुमार सीईसी पद से हटेगा**

राहुल ने कहा कि मैं स्टेज से कहना चाहता हूं। मैं जो कहता हूं वो होता है न। मैंने कोविड-19 के बारे में बोला, सच हुआ। मैं आपको स्टेज से कह रहा हूं कि ज्ञानेश कुमार सीईसी पद से हटेगा। ज्ञानेश कुमार हिंदुस्तान में जेल जाएगा। और अगर यह आम चोरी नहीं है कि किसी ने दुकान से थोड़ी सी छोटी चोरी कर ली। उसके लिए जेल होती है। इन्होंने नॉर्मल चोरी नहीं की है। यह हिंदुस्तान के हर नागरिक के आवाज की चोरी है। इसको कानूनी गलियारों में रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस कहते हैं। इसे देशद्रोही कहते हैं, इसे ट्रीजन कहते हैं और ज्ञानेश कुमार के बिना न नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनता, न अमित शाह गृह मंत्री बनता। आरएसएस इस देश की सारी संस्थाओं को कैप्चर कर लिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सीबीआई, ईडी, न्यायपालिका, नौकरशाही, पुलिस सारी की सारी संस्थाएं, जो आपकी हैं, वह नरेंद्र मोदी, अमित शाह, आरएसएस की नहीं, युवाओं की संस्थाएं हैं। वह इन्होंने कैप्चर कर रखी हैं।

## ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद अभिजीत दीपके ने कहा की रामलीला मैदान रैली में शामिल नहीं होगी सीजेपी



नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत डुबकी के ने दिल्ली में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी से मुलाकात की। दीपके ने नीट पेपर लीक के विरोध में जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन समेत संगठन के युवा नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों में समर्थन देने के लिए बनर्जी को धन्यवाद दिया। उन्होंने दिल्ली पुलिस द्वारा सीजेपी नेताओं सौरभ दास और आशुतोष रांका की गिरफ्तारी के समय बनर्जी के समर्थन को भी स्वीकार किया।कथित वोट चोरी के खिलाफ इंडिया ब्लॉक की रैली के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के बावजूद, दीपके ने स्पष्ट किया कि मुख्य न्यायिक पार्टी आज रामलीला मैदान में होने वाले प्रदर्शन में भाग नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि संगठन अपनी स्वतंत्र पहचान और राजनीतिक रूप से तटस्थ रुख बनाए रखना चाहता है।

## अखिलेश बोले- यूपी में हिंदुओं के 1.27 करोड़ वोट काटे गए



समाजवादी पार्टी के सांसद और अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, %%जबसे यह तय हुआ है कि रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन एकजुट होकर उन तमाम लोगों को जिन लोगों ने लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है, उनके खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। तबसे सामने आ रहा है कि जनता हमारे साथ जुटना चाहती है। अगर मैं यह कहूं कि एक करोड़ 27 लाख वोट कटे हैं, उसका गणित हम लगा दें 403 विधानसभाओं का तो हर विधानसभा में वोट कम हुए हैं। जो लोग तय कर के आए हैं कि अंगद का पैर है, वे जानते हैं कि जमीन ही नहीं बची है तो पैर कहां रखोगे। जो लोग दावा करते थे कि डबल इंजन की सरकार है, उन्हें काशी की जनता ने जवाब दिया है।

## बिहार से शुरू हुई वोट चोरी-तेजस्वी



आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भी रैली में वोट चोरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में वोट चोरी की शुरुआत बिहार से हुई थी। तेजस्वी ने सरकार पर निशाना साधते हुए उसे दो नंबरी बताया। तेजस्वी के बयान से साफ रहा कि विपक्षी गठबंधन मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सवालों को राजनीतिक बहस के केंद्र में रखना चाहता है।

## ईवीएम लूटा, लोकतंत्र लूटा, संविधान लूटा-ममता



टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने रामलीला मैदान से केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगा। ममता ने कहा हम हारे नहीं, हराए गए हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर आरोप लगाया कि राज्य इसके कारण प्रभावित हुआ है।ममता ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर मतगणना को हाईजैक करने का आरोप भी लगाया और उन्हें पद से हटाने की मांग की। ममता बनर्जी ने दावा किया कि एसआईआर की प्रक्रिया भाजपा की मदद करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इसके साथ ही उन्होंने राम मंदिर के लिए जुटाए गए धन को लेकर भी आरोप लगाए।

## राजनीतिः वेणुगोपाल बोले- मोदी-शाह को जनता ने दिया साफ संदेश; राहुल-अखिलेश समेत विपक्षी नेता एक मंच पर जुटे




» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को इंडिया गठबंधन की रैली में विपक्षी नेताओं और समर्थकों की भारी भीड़ जुटी। इस दौरान कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि रैली में उमड़ी भीड़ ने केंद्र सरकार को साफ संदेश दे दिया है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने कहा कि देश की जनता अब समझ चुकी है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को किस तरह प्रभावित किया जा रहा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह को बता दिया है कि उनका समय खत्म हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बने रहने के लिए लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है।वेणुगोपाल ने कहा नरेंद्र मोदी और अमित शाह को देश की जनता ने साफ संदेश दे दिया है कि उनका समय खत्म हो गया है। अब जनता समझ चुकी है कि लोकतंत्र को नुकसान कौन पहुंचा रहा है।÷ उन्होंने राहुल गांधी के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि रामलीला मैदान में उमड़ी भीड़ देश में सरकार के खिलाफ नाराजगी को दिखाती है। जनता लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों को स्वीकार नहीं करेगी।

**पवन खेड़ा बोले- गृह मंत्री को दिख रहा कांग्रेस का डर**

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता कांग्रेस को लेकर चिंतित हैं। खेड़ा ने तंज कसते हुए कहा कि इन लोगों को अब सपने में भी कांग्रेस दिखाई देने लगी है। उन्होंने कहा उनसे कह दीजिए कि अपने दिन गिनना शुरू कर दें। अब उनके जाने का समय आ गया है। वह जाने वाले गृह मंत्री हैं।पवन खेड़ा ने रामलीला मैदान में जुटी भीड़ को लेकर कहा कि वह पिछले 30 साल से यहां होने वाली रैलियां देख रहे हैं, लेकिन इतनी बड़ी भीड़ पहले कभी नहीं देखी। उन्होंने दावा किया कि रैली बेहद सफल रही और इसका असर सिर्फ रामलीला मैदान तक सीमित नहीं था, बल्कि दिल्ली के दूसरे हिस्सों में भी लोगों की भीड़ दिखाई दे रही थी।

**एसआईआर के विरोध में दिल्ली पहुंचे विपक्षी दलों के नेता**

दरअसल, इंडिया गठबंधन ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और वोटर लिस्ट में कथित अनियमितताओं के विरोध में दिल्ली में चलो दिल्ली मार्च निकाला। मार्च मिंटो रोड-कनॉट प्लेस जंक्शन से शुरू होकर रामलीला मैदान पहुंचा।

## लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रैलीः नागपुर में जुटेंगे 20 हजार लोग, फडणवीस-गडकरी करेंगे नेतृत्व

» बीपीएस न्यूज




नागपुर।महाराष्ट्र में विपक्ष के कथित भ्रामक प्रचार का जवाब देने के लिए भाजपा नागपुर में चार दिवसीय अभियान चलाएगी। पांच नवंबर को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 15 से 20 हजार लोगों के साथ मार्च निकालेंगे। इस अभियान के जरिये पार्टी किन मुद्दों पर जनता को संदेश देना चाहती है? महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी पांच नवंबर को नागपुर में एक रैली का नेतृत्व करेंगे। इसका नाम लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रखा गया है। यह रैली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के देशव्यापी अभियान के समापन के अवसर पर निकाली जाएगी।

भाजपा ने यह अभियान विपक्षी दलों के कथित भ्रामक प्रचार का जवाब देने के लिए शुरू किया है। पार्टी का कहना है कि विपक्षी दल लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर भ्रामक प्रचार कर रहे हैं।पार्टी के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने रविवार को पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया कि यह मार्च यशवंत स्टेडियम से संविधान चौक तक निकाला जाएगा। इसमें 15 हजार से 20 हजार लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

**किन मुद्दों पर होंगे कार्यक्रम?**

भाजपा की ओर से जारी बयान के मुताबिक, इन कार्यक्रमों में चुनावी निष्पक्षता पर ध्यान दिया जाएगा। पात्र नागरिकों के मतदान के अधिकार पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा, लोकतांत्रिक और सांविधानिक संस्थाओं में जनता का भरोसा मजबूत करने पर जोर दिया जाएगा।बावनकुले ने बताया कि चार दिनों के कार्यक्रम में छात्रों, युवाओं, सोशल मीडिया से जुड़े लोगों, बुद्धिजीवियों और आम जनता को लोकतंत्र से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। उन्होंने इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की।

## भारत कोई बनाना रिपब्लिक नहीं है-बीजेपी ने इंडिया ब्लॉक रैली से पहले राहुल गांधी पर निशाना साधा

» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया ब्लॉक की रैली से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्ष पर लोकतंत्र का नाम लेकर अशांति फैलाने, अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत कोई बनाना रिपब्लिक नहीं है और उन्होंने राजनीतिक विरोध प्रदर्शनों के प्रति विपक्ष के रवैये की आलोचना की। भाजपा ने यह भी तर्क दिया कि विपक्ष की कार्रवाई स शांति और व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं।

वहीं, इंडिया ब्लॉक का कहना है कि उनकी रैली का उद्देश्य मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं पर चिंता जताना और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करना है। विपक्षी नेताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि दिल्ली में सभा के लिए आने वाले समर्थकों पर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं।राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामलीला मैदान में रैली का आयोजन होना था। यह राजनीतिक बहस चुनावी प्रक्रियाओं, लोकतांत्रिक संस्थाओं और सड़क प्रदर्शनों की भूमिका को लेकर भाजपा और विपक्षी दलों के बीच बढ़ते टकराव को दर्शाती है।

## सुलतानपुरः हर्ष फायरिंग में पांच साल के मासूम की मौत, दूल्हे के जीजा पर आरोप

सुलतानपुर। कोतवाली क्षेत्र में रविवार शाम शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग ने एक मासूम की जान ले ली। चाचा की बारात निकलने से पहले दूल्हे के जीजा ने कथित तौर पर तमंचे से फायरिंग की। इस दौरान चली गोली पांच वर्षीय बच्चे के पेट में जा लगी। गंभीर हालत में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद शादी की खुशियां चीख-पुकार और मातम में बदल गईं। गोली चलाने का आरोपित मौके से फरार हो गया।फुटेहरी बनकेगांव निवासी गिरीवर गोपाल पटेल परिवार के साथ रहते हैं। वह निजी नौकरी करते हैं, जबकि उनकी पत्नी अमृता ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। दंपती के तीन बच्चे हैं। गिरीवर के चचेरे भाई अनुराग पटेल की रविवार को शादी थी। बारात कादीपुर के सूरापुर स्थित सुंदर मैरिज लॉन से निकलनी थी। शाम करीब 6ः30 बजे बारात की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान अनुराग के जीजा अजय ने कथित तौर पर हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली कुछ दूरी पर खड़े गिरीवर के पांच वर्षीय बेटे अर्श के पेट में जा लगी।गोली लगते ही बच्चा लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। समारोह में अफरा-तफरी मच गई। मां अमृता और अन्य परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर ले गए। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने अर्श को मृत घोषित कर दिया।

## मणिपुरः तीन दिन से लापता दो युवकों के क्षत-विक्षत शव मिले, प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प

» बीपीएस न्यूज

इंफाल । मणिपुर के कांगपोकपी से लापता दो कुकी युवकों के शव सेनापति जिले में मिलने के बाद तनाव बढ़ गया है। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प भी हुई। आखिर दोनों युवकों के साथ क्या हुआ था? मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई है?मणिपुर में तीन दिन से लापता दो युवकों के क्षत-विक्षत शव रविवार को बरामद किए गए। दोनों युवक कुकी समुदाय से थे और 29 अक्तूबर को कांगपोकपी जिले के ताफू कुकी गांव से लापता हुए थे। पुलिस के मुताबिक, उनके शव पड़ोसी सेनापति जिले के पहाड़ी इलाके में केले के एक खेत से मिले। दोनों के शव बोरियों में बंद थे।

मृतकों की पहचान 21 वर्षीय टी. चोंग्लोई और 20 वर्षीय पाओगिनलाल हैंगशिंग के रूप में हुई है। शव मिलने की खबर फैलते ही कांगपोकपी जिला मुख्यालय में तनाव फैल गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि दोनों युवकों का अपहरण कर नगा उग्रवादियों ने उनकी हत्या की है।

दोनों युवकों की हत्या के विरोध में बड़ी संख्या में लोग कांगपोकपी स्थित पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय के बाहर जमा हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हो गई। अधिकारियों के अनुसार, भीड़ को हटाने के लिए सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि इस कार्रवाई में कुछ लोग घायल हुए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने जताया दुख, आरोपियों को सजा देने की मांगमणिपुर की उपमुख्यमंत्री नेमचा किपगेन ने दोनों युवकों की हत्या की निंदा की। उन्होंने बयान में कहा, ÷जो शुरुआत में उनके सुरक्षित लौटने की उम्मीद थी, उसका अंत दुखद घटना के रूप में हुआ।÷ उन्होंने मांग की कि इस गंभीर अपराध की पूरी जांच हो और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए।वहीं, कांगपोकपी स्थित कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी ने घटना को लेकर दूसरे उपमुख्यमंत्री लोसी दिखो के इस्तीफे की मांग की है। दिखो नगा समुदाय से आते हैं। समिति ने ताफू कुकी गांव को सेनापति एसपी के अधिकार क्षेत्र से हटाकर कांगपोकपी एसपी के अधीन करने की भी मांग की है। ष्टह्वञ्ज ने कहा कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक दोनों युवकों के शव अंतिम संस्कार के लिए गांव नहीं ले जाए जाएंगे।अधिकारियों के मुताबिक, दोनों युवकों की तलाश में पुलिस, सीआरपीएफ और असम राइफल्स की संयुक्त टीमों ने कांगपोकपी और सेनापति जिलों की सीमा के आसपास अभियान चलाया था। रविवार को मणिपुर पुलिस, कोबरा, सीआरपीएफ, असम राइफल्स और रैपिड एक्शन फोर्स की टीमों ने एनएच-2 के पूर्व में एसपी रोड के आसपास तलाशी अभियान चलाया। इसी अभियान के दौरान दोनों युवकों के शव बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि मामले में जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।मणिपुर में हिंसा की एक और घटना शनिवार को सामने आई थी। पुलिस के अनुसार, नॉनी जिले में प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र समूहों के बीच गोलीबारी में कुकी समुदाय के तीन लोगों की मौत हो गई थी।



## अपनी बात....

### संपादकीय .....

# पानीपत के कंबल उद्योग को जल्द मिले सहारा

वैश्विक बाजार में जारी उथल-पुथल तथा कई युद्धों से बेदम होती अर्थव्यवस्था में स्वदेशी उद्योगों पर कितने गंभीर प्रभाव पड़ रहे हैं, उसकी बानगी देश-दुनिया में विख्यात पानीपत के कंबल उद्योग के खस्ता हालात में दिखती है। देश में कंबल उत्पादन का यह प्रमुख केंद्र फिलहाल गंभीर आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। अब जब सर्दियों के लिये कंबलों की खरीद का सीजन पीक पर है,यहां घरेलू बिक्री में पचास फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई है। निस्संदेह, यह मंदी उस टेक्सटाइल क्लस्टर की कमजोरी को उजागर करती है, जिसने बड़े पैमाने पर उत्पादन के बूते देश-विदेश में अपनी प्रतिष्ठा बनायी थी। भले ही आर्थिक विकास की तीव्र दर के दावों को लेकर नेता गाल बजाते रहें, लेकिन कंबल उद्योग के आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। यह उद्योग खाड़ी युद्ध, मौसमी उतार-चढ़ाव व विषम आर्थिक परिस्थितियों में उपभोक्ताओं की घटती क्रयशक्ति, बढ़ती लागत आदि अनेक कारकों के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। एक बड़ी वजह उत्पादन लागत का बढ़ना भी है। मसलन पॉलिएस्टर धागे की कीमत पिछले साल के मुकाबले काफी बढ़ गई है। कंबल उद्योग से जुड़े उद्यमी बताते हैं कि ऑर्डर कम आने से बिना बिके माल का स्टॉक बढ़ता जा रहा है।

जिसके चलते कंबलों के उत्पादन में तीस से पैंतीस प्रतिशत की गिरावट आ गई है। वहीं दूसरी ओर भुगतान शृंखला भी गड़बड़ा गई है। जो भुगतान एक-सवा महीने में आ जाता था, वह औसत समय दो माह का हो चला है। जिससे कार्यशील पूंजी पर दबाव बढ़ रहा है।

फलत- उत्पादक खुद को मुश्किल स्थिति में फंसा पा रहे हैं। ऐसे में यदि उद्यमी बढ़ी हुई लागत का बोझ खुद वहन करते हैं तो उनका मुनाफा कम हो जाता है। वहीं दूसरी ओर यदि वे उत्पाद की कीमत बढ़ाते हैं तो कीमत के प्रति संवेदनशील ग्राहक के दूर होने की चिंता बन जाती है। पानीपत का कंबल उद्योग फिलहाल जिस संकट से गुजर रहा है, उसके प्रभाव व्यापक हैं।

निस्संदेह, पानीपत के कपड़ा उद्योग से हजारों बुनकरों, श्रमिकों, व्यापारियों, परिवहनकर्ताओं और अन्य सहायक व्यवसायों का जुड़ाव होता है। यदि उद्योग में लंबे समय तक मंदी की स्थिति बनी रहती है, तो हजारों लोगों की जीविका पर असर पड़ेगा। खासकर, कंबलों की घरेलू आपूर्ति से जुड़ा क्षेत्र। इसके अलावा यह पुनर्चक्रण आधारित कपड़ा उद्योग का भी केंद्र है। जहां, अनुपयोगी कपड़ों को व्यावसायिक रूप से उपयोगी बनाने की क्षमता सर्वाधिक है। निस्संदेह, कंबल उद्योग को अविलंब सरकारी मदद की दरकार है। सरकार को तत्काल वे उपाय करने होंगे, जिससे किफायती कार्यशील पूंजी की उपलब्धता सुनिश्चित हो।

वहीं समय पर भुगतान को प्रोत्साहित करने के प्रयास हों। लंबे समय तक पानीपत के कंबल उद्योग की अंतर्राष्ट्रीय साख रही है। लेकिन अब इस उद्योग में शामिल कुछ देशों की तरफ से कड़ी चुनौती मिलने लगी है। फलत- इस उद्योग से जुड़ी तकनीकों का अविलंब आधुनिकीकरण किया जाए। इसके साथ ही ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति सुनिश्चित करने और कार्यबल को आधुनिक उत्पादन जरूरत के हिसाब से प्रशिक्षण देने की जरूरत होगी। इस उद्योग के उत्थान के लिये दीर्घकालिक रणनीति तैयार करना भी उतनी ही जरूरी है। वहीं दूसरी ओर कंबल निर्माताओं को भी नई पीढ़ी की रुचि के हिसाब से अपने उत्पादों में विविधता लाने की जरूरत है। इससे जहां पानीपत के ब्रांड को मजबूती मिलेगी, वहीं विदेशी बाजार तक पहुंच बनाने में मदद मिल सकती है। निस्संदेह, पानीपत के कंबल उद्योग की मौजूदा स्थिति हमें यह सबक देती है कि विनिर्माण क्षमता को केवल उत्पादन क्षमता के आधार पर नहीं मापा जा सकता है। हकीकत तो यह है कि एक मजबूत औद्योगिक क्लस्टर को कीमतों में अचानक आने वाले उतार-चढ़ाव, उपभोक्ताओं की बदलती रुचियों और बाजार में पैदा होने वाली अनिश्चतता का सामना करने में भी सक्षम होना ही चाहिए। वक्त की जरूरत है कि सरकार इस स्थिति में अविलंब हस्तक्षेप करे। यदि ऐसा होता है तो एक अस्थायी मंदी को गंभीर संरचनात्मक संकट बनाने से रोका जा सकता है। ऐसे में सरकार के ये प्रयास केवल टेक्सटाइल हब को ही नहीं बचाएंगे, बल्कि रोजगार-उद्यम की रक्षा के साथ ही देश की विनिर्माण आर्थिकी को भी संबल देंगे।

भले ही आर्थिक विकास की तीव्र दर के दावों को लेकर नेता गाल बजाते रहें, लेकिन कंबल उद्योग के आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। यह उद्योग खाड़ी युद्ध, मौसमी उतार-चढ़ाव व विषम आर्थिक परिस्थितियों में उपभोक्ताओं की घटती क्रयशक्ति, बढ़ती लागत आदि अनेक कारकों के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। एक बड़ी वजह उत्पादन लागत का बढ़ना भी है। मसलन पॉलिएस्टर धागे की कीमत पिछले साल के मुकाबले काफी बढ़ गई है। कंबल उद्योग से जुड़े उद्यमी बताते हैं कि ऑर्डर कम आने से बिना बिके माल का स्टॉक बढ़ता जा रहा है।

# अमेरिकी मतदाताओं की नाराजगी झेलते ट्रंप

## डोनाल्ट ट्रंप की छवि

**लगभग 68 प्रतिशत स्वतंत्र मतदाता ट्रंप के कामकाज से और 71 प्रतिशत उनकी आर्थिक नीतियों से असंतुष्ट हैं। जेन-ज़ी श्रेणी के युवा वर्ग और विभिन्न जातीय अल्पसंख्यकों में ट्रंप के प्रति कड़ी नाराजगी देखी गई है। अमेरिका का मध्यवर्ग पेट्रोलियम पदार्थों, गैस, भोजन और जीवन-यापन की बढ़ती लागत को लेकर ट्रंप को कोसना शुरू कर चुका है। अमेरिकी मध्यावधि चुनाव का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। मतदान 3 नवंबर को है। ट्रंप मध्यावधि चुनाव हार भी जाते हैं, फिर भी उनकी कुर्सी आसानी से नहीं जाएगी। ट्रंप ने खुद आशंका जताई है कि यदि डेमोक्रेट्स कांग्रेस पर नियंत्रण हासिल कर लेते हैं, तो वे उन पर महाभियोग चलाने की कोशिश कर सकते हैं। यदि डेमोक्रेटिक पार्टी प्रतिनिधि सभा या सीनेट में बहुमत पा लेती है, तो ट्रंप के लिए बजट या नीतियां पास कराना बेहद मुश्किल हो जाएगा।**




हालांकि, उनके पास वीटो की शक्ति होगी, जिसका इस्तेमाल वे किसी भी बिल को रोकने के लिए कर सकते हैं। बहुमत खोने की स्थिति में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ट्रंप प्रशासन की नीतियों की संसदीय जांच शुरू कर सकती है, जिससे उनकी राजनीतिक मुश्किलें बढ़ सकती हैं।आज भी ऑर्थोडॉक्स यहूदी समुदाय के लगभग 70 प्रतिशत से अधिक मतदाता डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी का खुलकर समर्थन करते हैं। इनका मिजाज बदलता नहीं दिख रहा। लेकिन जो बदल रहे हैं, वे हैं ब्लैक, हिस्पैनिक, यहूदी, मुस्लिम, व्हाइट वर्किंग-क्लास और इवेंजेलिकल मतदाता। 2024 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनने में इनका बड़ा योगदान था। 'स्विचर वोटर्स' का अब ट्रंप प्रशासन से मोहभंग हुआ है। ट्रंप अमूमन 'अमेरिका फर्स्ट' और 'नेशनल इंटरेस्ट' जैसे शब्द इस्तेमाल करते रहे। लेकिन जब परिवार के बजट पर दबाव पड़ता है, तो ये टोटके बकवास लगने लगते हैं।

ट्रंप यदि मध्यावधि चुनाव जीत गए, तब तो मानकर चलिए, तेहरान की खैर नहीं होगी। अगले दो वर्षों तक ट्रंप ईरान जैसे कुछ और युद्ध वाले इलाके सृजित कर लेंगे। सत्तारूढ़ रिपब्लिकन पार्टी का संसद के दोनों सदनों (प्रतिनिधि सभा और सीनेट) पर नियंत्रण बना रहेगा, जिससे ट्रंप अपने एजेंडे, टैक्स सुधारों और नीतियों को आसानी से आगे बढ़ा सकेंगे। ट्रंप पर महाभियोग चलाने की संभावना काफी कम हो जाएगी। जीत गए तो वादे के अनुसार, 27 करोड़ 15 लाख अमेरिकी वयस्कों को 5,000 डॉलर का चेक देना पड़ेगा। इससे सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ पड़ना तय है।

हालिया सर्वेक्षणों पर यकीन करें तो लगभग 87 प्रतिशत डेमोक्रेटिक मतदाता ट्रंप के कामकाज और उनकी आर्थिक नीतियों से असंतुष्ट हैं। करीब 72 प्रतिशत अश्वेत मतदाता ट्रंप के कुल कामकाज को नापसंद करते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर स्वतंत्र मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा ट्रंप से निराश है। लगभग 68 प्रतिशत स्वतंत्र मतदाता ट्रंप के कामकाज से और 71 प्रतिशत उनकी आर्थिक नीतियों से असंतुष्ट हैं। जेन-ज़ी श्रेणी के युवा वर्ग और विभिन्न जातीय अल्पसंख्यकों में ट्रंप के प्रति कड़ी नाराजगी देखी गई है। अमेरिका का मध्यवर्ग पेट्रोलियम पदार्थों, गैस, भोजन और जीवन-यापन की बढ़ती लागत को लेकर ट्रंप को कोसना शुरू कर चुका है।

एशियाई अमेरिकी और पैसिफिक आइलैंडर (एएपीआई) मतदाता अमेरिकी मतदाताओं के सबसे विविध समूहों में से एक हैं। 'आपी' मतदाताओं का वर्ग सबसे तेजी से बढ़ रहा है। एएपीआई (आपी) समुदाय में लगभग 1.7 करोड़ योग्य मतदाता हैं, जिनमें से 56 प्रतिशत ने 2024 में अपना वोट डाला था। द एसोसिएटेड प्रेस-नॉर्क सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च (एपी-नॉर्क-एएपीआई) के एक नए पोल के अनुसार, 3 नवंबर के मध्यावधि चुनावों के करीब आते-आते एशियाई अमेरिकी, मूल हवाईयन और प्रशांत द्वीपवासी रिपब्लिकन पार्टी से और अधिक निराश हो गए हैं।एपी-नॉर्क-एएपीआई द्वारा 8 से 15 सितंबर 2026 के बीच किए गए सर्वेक्षण से पता चलता है कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान अर्थव्यवस्था को लेकर उनकी छवि खराब हुई है। इन वयस्कों में से लगभग एक-चौथाई लोग ही राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप के कामकाज के तरीके को पसंद करते हैं। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर उनके प्रदर्शन को केवल 10 में से 2 लोग ही सही मानते हैं, जबकि एएपीआई समूह के अधिकांश वयस्क इसे आगामी चुनाव के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक मानते हैं। आयोवा के कॉर्निंग में रहने वाली 45 वर्षीय कोरियाई अमेरिकी रेबेका लारोको ने 2016 में ट्रंप को वोट दिया था, लेकिन अर्थव्यवस्था को संभालने के उनके तरीके को लेकर आश्वस्त नहीं हैं, खासकर ऐसे समय में जब ईरान युद्ध के कारण पेट्रोल-डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

पिछले तीन प्रेसिडेंशियल साइकिल में लगभग 6,20,000 नए मतदाता बने, जिनमें कैलिफ़ोर्निया, हवाई, इलिनोइस, मैसाचुसेट्स, मिनेसोटा, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, नेवादा, ओरेगन, वर्जीनिया, टेक्सास और वाशिंगटन जैसे राज्यों में इनकी ताकत बढ़ी। या यूं कहें कि पांच फीसद नए आपी मतदाता नई ताकत बने। ट्रंप ने शुरू में अपने स्तर पर कुछ प्रमुख पदों पर आपी समूह के व्यक्तियों (जैसे–तुलसी गबार्ड, काश पटेल) को नियुक्त किया था। लेकिन यह बहुत टिकाऊ साबित नहीं हुआ।तुलसी गबार्ड ने स्वयं 22 मई, 2026 को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने इस्तीफे की मुख्य वजह अपने पति अब्राहम विलियम्स का बोन कैंसर से पीड़ित होना बताई थी, जिसके चलते वह अपने परिवार के साथ रहना चाहती थीं। रिपोर्टों में यह भी कहा गया था कि ईरान नीति और विदेशी मामलों पर उनके डोनाल्ड ट्रंप से मतभेद थे और उन्हें बड़े फैसलों से दरकिनार किया जा रहा था। काश पटेल अभी भी एफबीआई के निदेशक के पद पर बने हुए हैं। हालांकि, अप्रैल 2026 में उनकी कार्यशैली, शराब की लत और अनुपस्थिति को लेकर द अटलांटिक की एक रिपोर्ट के बाद उनके इस्तीफे या हटाए जाने की अटकलें जरूर तेज हुई थीं। फिर भी, काश पटेल को ट्रंप ने लो-प्रोफाइल में रखा है।

यह जगजाहिर है कि ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के 'माई डियर फ्रेंड' वाले रिश्ते सहज नहीं रहे। 22 सितंबर 2019 को ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में आयोजित 'हाउडी मोदी' जैसे मेगा इवेंट का इतिहास दोहराया नहीं जा सका। रूस से लगातार कच्चा तेल खरीदना भी दोनों नेताओं के बीच अनबन की एक बड़ी वजह बनी। भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराने की दावेदारी और एपस्टीन फाइल्स जैसे विवादित विषयों को उठाकर ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी पर मानसिक दबाव बनाते रहे।

भारत-अमेरिका व्यापार संधि को ट्रंप प्रशासन ने अत्यधिक जटिल बना रखा है। ट्रंप प्रशासन की ओर से समय-समय पर टैरिफ दरों और शर्तों में बदलाव (जैसे–10 प्रतिशत, 15 प्रतिशत, 19 प्रतिशत या 25 प्रतिशत तक के जवाबी शुल्क का मुद्दा) से दोनों पक्षों के बीच भरोसा कायम करने में चुनौतियां आई हैं।अब ट्रंप मध्यावधि चुनाव में जीतें या हारें, उससे पीएम मोदी को क्या करना है? बल्कि, ट्रंप यदि हारते हैं, तो मोदी पर उनके प्रहार की धार कम हो जाएगी। आप 2020 का मंजर याद कीजिए। ट्रंप की जीत के लिए भारत में पुजारियों और हिंदू समूहों द्वारा विशेष पूजा-अर्चना, हवन और महायज्ञ किए गए थे। सवाल है, अब ये हिंदू संगठन ट्रंप के लिए पूजा-पाठ, हवन इत्यादि क्यों नहीं करवा रहे?

# सुनिए ! गवर्नमेंट इज नाउ ट्रोल एंड पब्लिक इज इन रोल

राजनीतिक विशलेषक/ जौनपुर यूपी

पंकज सीबी मिश्रा

**पिछले कुछ दिनों से चर्चाओ के बाजार में दो विषय बहुत ज्यादा चर्चा में रहे, पहला कांग्रेस पार्टी द्वारा बुलायी गई एक नवंबर की रैली और दूसरा एमएलसी इलेक्शन पहले बात करते है एमएलसी इलेक्शन की। एमएलसी इलेक्शन में बीजेपी और उसकी सहयोगी पार्टियो ने मिलकर कुल 16 सीट जीती है लेकिन जो महत्वपूर्ण है वो ये कि वाराणसी की दो सीट सपा और नागपुर की सीट कांग्रेस के पास गई है। कांग्रेस की कर्नाटक में सरकार होते हुए भी वो वहाँ एक भी सीट नहीं जीत सके ये एक अलग मुद्दा है जिस पर फिर कभी लिखूँगा। ये कांग्रेस के कुछ बड़े नेता और कार्यकर्ताओं का अहंकार है अभी इस पर लिखूँगा तो लेख लंबा हो जाएगा । ख़ैर अब इस विषय को लेकर मीडिया, सत्तापक्ष और ट्रोलर कम्युनिटी में एक जबरदस्त नरेटिव सेट करने की होड़ मची हुई है की ये चुनाव तो बैलेट पेपर से लड़ा गया फिर कांग्रेस क्यों हार गई ! असल में कांग्रेस लोकतंत्र के नाम पे एनार्की क्रिएट कर रहे है इन्हें सिर्फ अलोकतांत्रिक काम करना है। ये विदेशी टूलकिट है ये लोग देश द्रोही है वगैरह वगैरह का अलग नेरेटिव है। 28 सीटों के जो नतीजे आए हैं, उन पर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा शुरु हो चुकी है। दरअसल बुधवार को जब नतीजे आ ही रहे थे, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक पोस्ट आ गई, जिसमें कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने लिखा- चुनाव बैलेट पेपर से हुए तो अंदाजा लगाइए कि कांग्रेस ने कितनी सीटें जीतीं। और इसके साथ एक इमोजी भी डाला है।**



इस पोस्ट के बाद सवाल उठने लगे कि किसी पार्टी की हार या जीत अपनी जगह है, लेकिन क्या प्रधानमंत्री मोदी पद की गरिमा भूलकर अब ट्रोलर्स की तरह बातें करने लगेंगे। मोदी की इस पोस्ट को ही आगे बढ़ाते हुए अमित शाह और देवेन्द्र फड़नवीस ने भी बिना देर किए अपनी तरफ़ से कांग्रेस के लिए शून्य सीटों का जिक्र कर मज़े लिए। लेकिन अब उनका यह फूहड़ता से मजा लेना, भाजपा पर ही भारी पड़ चुका है। तो मेरे प्रिय वोटरों तुम्हे मैं पहले संक्षेप में एमएलसी और एमएलए इलेक्शन की प्रक्रिया और इसका फ़र्क समझाता हूँ। एमएलसी चुनाव में मतदाता उम्मीदवारों के सामने 1, 2, 3ज लिखकर अपनी पसंद बताते हैं 1 पहली, 2 दूसरी और 3 तीसरी पसंद। पहले पहली पसंद के वोट गिने जाते हैं। यदि कोई उम्मीदवार जीत का तय कोटा नहीं पाता, तो सबसे कम वोट वाले उम्मीदवार को बाहर कर दिया जाता है। उसके मतपत्रों पर अगली पसंद देखी जाती है और वोट उस पसंद के ऐसे उम्मीदवार को मिलता है जो अब भी मुकाबले में हो। यह प्रक्रिया तब तक चलती है, जब तक कोई उम्मीदवार जीत का कोटा हासिल न कर ले। इसलिए अंतिम नतीजा सिर्फ पहली पसंद के वोटों से तय नहीं होता।अगर किसी को इसे डिटेल में समझना हो तो चुनाव विभाग को लिख दे वो समझा देंगे। देश के चार राज्यों उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और बिहार में विधान परिषद की 28 सीटों के लिए चुनाव हुए। जिस के नतीजों से इस समय सियासी हलचल तेज हो गई है।

हालांकि विधान परिषद के चुनाव विधानसभा चुनावों से अलग होते हैं। इसमें जनता सीधे मतदान नहीं करती, बल्कि उसके द्वारा चुने प्रतिनिधि मतदान करते हैं। विधान परिषद के सदस्य यानी एमएलसी छह सालों के लिए निर्वाचित होते हैं और सबसे बड़ी बात ये चुनाव मतपत्रों से होते हैं। मतलब चुनावी राजनीति का विधान परिषद चुनाव से सीधे कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन जब पंचायत से लेकर स्थानीय निकाय तक के चुनावों में मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सीधी दिलचस्पी रहती है, तो फिर एमएलसी चुनाव भी आम चुनावों जैसी हलचल मचा देते हैं। भाजपा के लिए एक बड़ा झटका नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से भी आया है। यहां के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र दोनों में सपा की जीत हुई है। लखनऊ भी भाजपा हार चुकी है। उप्र की 11 सीटों में भाजपा के खाते में छह और सपा के खाते में पांच सीटें आई हैं। वहीं बिहार की आठ सीटों में तीन पर भाजपा, एक पर जदयू, राजद और जनसुराज को एक-एक और निर्दलीयों को 2 सीटें मिली हैं। राजद के लिए यह जीत इसलिए बड़ी है क्योंकि नितिन नबीन के पटना क्षेत्र पर उसने भाजपा को मात दी है। जैसा कि पहले ज़िक्र किया गया, विधानसभा और विधानपरिषद के चुनावों में, एमएलए और एमएलसी की जिम्मेदारियों और अधिकारों में काफ़ी फ़र्क होता है। विधान परिषद् विधानसभा का उच्च और स्थायी सदन है। यानी यह कभी भंग नहीं होता।

विधान परिषद की लगभग एक-तिहाई सीटों पर स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि मतदान करते हैं। इनमें नगर निगम, नगरपालिका और जिला स्तर के संबंधित स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधि शामिल होते हैं। आम जनता की जगह निर्धारित निर्वाचक मंडल के सदस्य मतदान करते हैं। वहीं विधान परिषद की लगभग एक बटा बारह सीटें स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए होती हैं और लगभग इतनी ही सीटें शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निर्धारित हैं। इसके अलावा विधान परिषद की लगभग एक तिहाई सीटों पर राज्य के विधायक मतदान करते हैं। विधानसभा के सदस्य एमएलसी उम्मीदवारों को अपनी प्राथमिकता के क्रम में वोट देते हैं। और फिर विधान परिषद के बाकी सदस्यों को राज्यपाल मनोनीत करते हैं। संविधान के अनुसार, ऐसे लोगों को साहित्य, विज्ञान, कला, सहकारिता आंदोलन और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए। स्नातक या ग्रेजुएट एमएलसी चुनाव, विधान परिषद की उन सीटों के लिए होता है जिनमें पात्र और पंजीकृत स्नातक मतदाता अपने प्रतिनिधि को चुनते हैं। इस चुनाव में मतदान करने के लिए व्यक्ति के पास किसी मान्य विश्वविद्यालय की स्नातक डिग्री या नियमों के तहत मान्य समकक्ष योग्यता होनी चाहिए।

संबंधित मतदाता सूची की निर्धारित तारीख से कम-से-कम तीन साल पहले स्नातक की डिग्री प्राप्त की होनी चाहिए। साथ ही व्यक्ति सामान्य रूप से उसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निवासी होना चाहिए। और संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम दर्ज होना जरूरी है। वहीं शिक्षक एमएलसी चुनाव, विधान परिषद की उन सीटों के लिए होता है जिनमें निर्धारित शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाने का जरूरी अनुभव रखने वाले और मतदाता सूची में पंजीकृत शिक्षक मतदान करते हैं। इसका उद्देश्य शिक्षकों को विधान परिषद में अपना प्रतिनिधि चुनने का अवसर देना है। इस चुनाव में वोट डालने के लिए मतदाता को निर्धारित तारीख से पहले के छह वर्षों के दौरान कुल कम-से-कम तीन साल तक पात्र शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ाने की योग्यता होनी चाहिए। इसके अलावा व्यक्ति सामान्य रूप से उसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का निवासी होना चाहिए और संबंधित शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम दर्ज होना जरूरी है।

# मार्बल टाईल व्यापारियों ने सांसद रमेश अवस्थी को दिया ज्ञापन



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश मार्बल टाइल्स व्यापारी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गौड़ के नेतृत्व में मार्बल टाइल्स के व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद रमेश अवस्थी से भेट करके ज्ञापन दिया। मार्बल मार्केट में बन रही सी एम ग्रेड रोड का कछुआ चाल से निर्माण हो रहा है। सालों से पानी की लाईन पड़ चुकी है, मगर लाइन से कनेक्शन नहीं जोड़े जाने के कारण व्यापारियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। धूल मिट्टी उड़ने के कारण व्यापारियों के स्वास्थ्य में भी बहुत नुकसान हो रहा है। इस रोड में बहुत सारी कमियां हैं। सारी समस्याओं के बारे में कानपुर नगर के सांसद रमेश अवस्थी को सारी समस्या के बारे में अवगत कराया गया। बहुत जल्द इन समस्याओं से व्यापारी एवं आम जनमानस को निदान दिलाया जाएगा। संतोष जनक आश्वासन मिला है। मार्बल मार्केट का निरीक्षण करने के लिए बहुत जल्द हम सबके बीच में आएंगे। कानपुर शहर की कई समस्याओं के बारे में भी चर्चा की गई। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गौड़, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रखर शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल ओमर उर्फ मोनू, प्रदेश मंत्री पीयूष दाधीच, सदस्य सुमित गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 97 जोड़ों का विवाह संपन्न

कानपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र कुमार गौतम ने अवगत कराया कि जनपद कानपुर नगर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हमीरपुर रोड स्थित क्षत्रिय पैलेस, कठेरुआ, बिधनू में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले जरूरतमंद, निराश्रित एवं निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं के साथ-साथ विधवा, परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिलाओं का विवाह सामाजिक एवं धार्मिक मान्यताओं तथा परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न



कराया गया। समारोह में कुल 97 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न हुआ। नक्शेदेखें

विकासखंड घाटमपुर के अंतर्गत 92 जोड़ों तथा नगर पालिका घाटमपुर के अंतर्गत पांच जोड़ों सहित कुल 97 जोड़ों ने वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। इनमें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 80, अन्य पिछड़ा वर्ग के 15 तथा अल्पसंख्यक वर्ग के दो जोड़े शामिल रहे।

कार्यक्रम में घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सरोज कुरील, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र कुमार गौतम, कार्यक्रम के सह नोडल अधिकारी एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी बीरपाल तथा खंड विकास अधिकारी घाटमपुर आशीष मिश्र सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े पर कुल एक लाख रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान है। इसमें कन्या के दाम्पत्य जीवन एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए 64 हजार रुपये की सहायता राशि ऑनलाइन कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है। इसके अतिरिक्त 21 हजार रुपये की उपहार सामग्री प्रदान की जाती है, जबकि भोजन, पंडाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर प्रति जोड़ा 15 हजार रुपये व्यय किए जाते हैं।

समारोह में वैवाहिक जोड़ों एवं उनके परिजनों के स्वागत के लिए मुख्य द्वार पर शहनाई वादन की व्यवस्था की गई। साथ ही स्थानीय कलाकारों द्वारा राधा-कृष्ण की रासलीला पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम स्थल पर किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई। जनप्रतिनिधियों, गणमान्य अतिथियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में सभी 97 जोड़ों का विवाह पूर्ण रीति-रिवाज एवं हर्षोल्लास के साथ सकुशल संपन्न हुआ।

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओ को सूचित किया जाता है कि बीपीएस न्यूज समाचार पत्र मे नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

- संपादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओ, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

संपर्क करें -:मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# कानपुर नगर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 188 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

**» राम सहाय इंटर कॉलेज, शिवराजपुर में सामाजिक एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ सामूहिक विवाह समारोह**

» बीपीएस न्यूज





कानपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राम सहाय इंटर कॉलेज, जीटी रोड, बैरी, शिवराजपुर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के गरीब, जरूरतमंद, निराश्रित तथा निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्याओं के विवाह संपन्न कराए गए। योजना के अंतर्गत विधवा, परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिलाओं के विवाह की भी व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम में सामाजिक एवं धार्मिक मान्यताओं, परंपराओं तथा रीति-रिवाजों के अनुसार कुल 188 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न हुआ। इनमें अनुसूचित जाति के 135, अन्य पिछड़ा वर्ग के 38, सामान्य वर्ग के दो तथा अल्पसंख्यक वर्ग के 13 जोड़े शामिल रहे।

विकास खंड बिल्हौर में 59 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिनमें अनुसूचित जाति के 40, अन्य पिछड़ा वर्ग के 12 तथा अल्पसंख्यक वर्ग के सात जोड़े शामिल रहे। विकास खंड ककवन में 47 जोड़ों का विवाह हुआ, जिनमें अनुसूचित जाति के 34, अन्य पिछड़ा वर्ग के 10, सामान्य वर्ग का एक तथा अल्पसंख्यक वर्ग के दो जोड़े शामिल रहे। विकास खंड चौबेपुर में 39 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिनमें अनुसूचित जाति के 32, अन्य पिछड़ा वर्ग के छह तथा सामान्य वर्ग का एक जोड़ा शामिल रहा। नगर पालिका शिवराजपुर में तीन जोड़ों का विवाह हुआ, जिनमें अनुसूचित जाति के दो तथा अन्य पिछड़ा वर्ग का एक जोड़ा शामिल रहा। राम सहाय इंटर कॉलेज, शिवराजपुर स्थित कार्यक्रम स्थल पर 37 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिनमें अनुसूचित जाति के 26, अन्य पिछड़ा वर्ग के सात तथा अल्पसंख्यक वर्ग के चार जोड़े शामिल रहे। नगर पालिका बिल्हौर से संबंधित जोड़ों का अलग से कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं कराया गया।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख बिल्हौर मनोरमा कठेरिया, ब्लॉक प्रमुख शिवराजपुर शुभम बाजपेयी, ब्लॉक प्रमुख चौबेपुर राजेश शुक्ला, परियोजना निदेशक आलोक कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी आत्मा प्रकाश स्तोगी, उपजिलाधिकारी बिल्हौर एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मनीष कुमार यादव, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय कुमार उत्तम, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी बीरपाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र कुमार गौतम, खंड विकास अधिकारी बिल्हौर एवं ककवन नेम चंद, खंड विकास अधिकारी चौबेपुर एवं शिवराजपुर यशवीर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य अतिथि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े पर कुल एक लाख रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान है। इसमें कन्या के दाम्पत्य जीवन एवं गृहस्थी की शुरुआत के लिए 64,000 रुपये की सहायता राशि ऑनलाइन माध्यम से कन्या के खाते में प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त 21,000 रुपये की उपहार सामग्री दी जाती है तथा भोजन, पंडाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर प्रति जोड़ा 15,000 रुपये व्यय किए जाते हैं।

कार्यक्रम स्थल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई शिकायत प्रस्तुत नहीं की गई। जनप्रतिनिधियों, गणमान्य अतिथियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में सभी 188 जोड़ों का विवाह पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शांतिपूर्ण एवं सकुशल ढंग से संपन्न हुआ।

# गोविंद नगर में गंदे कपड़ों में लपेटकर रखा 1.20 क्विंटल संदिग्ध खोया

**खाद्य सुरक्षा विभाग ने कराया नष्ट**

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। त्योहारी और सहालग के मौसम में आम जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (स्वस्थ) विभाग का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग की टीम ने गोविंद नगर सी-ब्लॉक स्थित संदीप गुप्ता के परिसर में अचानक छापेमारी कर भारी मात्रा में अस्वास्थ्यकर स्थिति में रखा खोया जब्त किया। विभागीय सूत्रों के अनुसार, खाद्य सुरक्षा विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि गोविंद नगर सी-ब्लॉक में संदीप गुप्ता के परिसर में भारी मात्रा में मिलावटी व दूषित खोया एकत्र किया गया है। सूचना मिलते ही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। तलाशी के दौरान अधिकारियों ने पाया कि लगभग 1 क्विंटल 20 किलो खोया बेहद गंदे कपड़ों में लपेटकर अत्यंत अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में रखा हुआ था। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मौके पर ही नियम अनुसार जांच हेतु खोए का एक नमूना (सैंपल) संग्रहित किया। इसके बाद शेष बचे लगभग 39,000 रुपये कीमत के दूषित खोए को जनस्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक मानते हुए तुरंत कब्जे में ले लिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम जब्त खोए को गोविंद नगर स्थित कूड़ा निस्तारण प्लांट ले गई, जहाँ उसे अधिकारियों की देखरेख में पूरी तरह से विनष्ट (नष्ट) करा दिया गया।सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय संजय प्रताप सिंह ने बताया कि संग्रहित किए गए नमूने को प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जा रहा है। लैब रिपोर्ट में मिलावट या अधोमानक की पुष्टि होने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (स्वस्थ्य छह) की सुसंगत धाराओं के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने चेतावनी दी है कि आम जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के खिलाफ यह अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# गणेश शंकर विद्यार्थी जी की जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। अमर शहीद, महान पत्रकार एवं स्वतंत्रता सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी जी की जयंती के अवसर पर आर्यनगर विधायक अमिताभ बाजपेई ने नरोना चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी जी केवल एक महान पत्रकार ही नहीं, बल्कि सत्य, निर्भीकता, सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव के सशक्त प्रहरी थे। उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से अंग्रेजी हुकूमत को निर्भीकता से चुनौती दी और समाज के वंचित, शोषित एवं पीड़ित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया।उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जी ने पत्रकारिता को जनहित और सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। सांप्रदायिक सद्भाव और इंसानियत की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर उन्होंने देश के सामने त्याग, साहस और मानवता की अद्वितीय मिसाल प्रस्तुत की।

विधायक ने कहा कि आज के समय में गणेश शंकर विद्यार्थी जी के विचार और आदर्श और भी अधिक प्रासंगिक हैं। सत्य के प्रति निष्ठा, अन्याय के विरुद्ध आवाज और सामाजिक सद्भाव के लिए निरंतर प्रयास करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

इस अवसर पर पार्षद रजत बाजपेई, वरिष्ठ नेता अवधेश जायसवाल टिल्लू, पप्पन शर्मा, चंकी गुप्ता, निसार अहमद, मोहम्मद शकील, रियाज अहमद, प्रशांत मोहन जायसवाल, दुर्गेश चक, आशीष शुक्ल शिब्बू, मर्फी, पुण्य जैन, जितेंद्र जायसवाल, कीर्तिमान अवस्थी, सैफ, गगन दीक्षित, रवि पांडे, निहाल, विस्सू यादव, आकाश यादव, दीपांशु पांडे आदि मौजूद रहे।

# जस्टिस भनोट के खिलाफ अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर की माफी की मांग



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। अधिवक्तागण डॉ भीम राव अम्बेडकर द्वार से जस्टिस भनोट मुर्दाबाद के नारे लगाते शताब्दी द्वार पर पहुंच भनोट के खिलाफ प्रदर्शन किया। जहां पर बोलते हुए पं रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने कहा कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के जस्टिस अजय भनोट द्वारा जिस तरह से दबाव बना एक अधिवक्ता से पुलिस अधिकारी से माफी मंगवाई गई,

कानपुर सहित देश का संपूर्ण अधिवक्ता समाज उसकी घोर निंदा करता है। लीगलसलाह लें

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने कहा कि यदि अधिवक्ता का अपमान होगा तो अधिवक्ता भी कोर्ट का अपमान करने से पीछे नहीं हटेगा से अपने को जोड़ते हुए कहा कि अधिवक्ता के सम्मान से किसी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाएगा।जस्टिस भनोट का यह कृत्य देश के सम्पूर्ण अधिवक्ता समाज का अपमान है हम जस्टिस अजय भनोट से मांग करते है कि वो तत्काल अधिवक्ता समाज से माफ़ी मांगें। प्रमुख रूप से भानु द्विवेदी, सरोज उपाध्याय, शैलेश त्रिवेदी, राम नवल कुशवाहा, आनंद उपाध्याय, राजेश भारती, संजीव कपूर, मनीष यादव, विवेक पांडे, सुमन तिवारी, एन के कटियार, शिवम गंगवार, मो इफ्तिखार आदि रहे।

# शहीद शिरोमणि गणेश शंकर विद्यार्थी जी को श्रद्धांजलि



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर प्रेस क्लब की ओर से रविवार को शहीद शिरोमणि पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर उनके चित्र पर फूल-मालाएं चढ़ा कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया द्य वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी जी पत्रकारों के आदर्श हैं। उनका अख़बार 'प्रताप' जहां स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन का हथियार बना, वहीं सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ा था। वह कांग्रेस से जुड़े थे, लेकिन कभी भी पत्रकारिता धर्म से नहीं डिगे और उनके लिए देशहित सर्वोपरि रहा।पत्रकारों को उनके और उनकी पत्रकारिता के बारे में पढ़ना चाहिए। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष सरस वाजपेई, महामंत्री शैलेश अवस्थी, मंत्री मोहित दुबे, शिवराज साहू, उत्सव शुक्ला, रोहित निगम, अभिषेक मिश्रा, रजत, शांतनु त्रिपाठी, कुशाग्र पांडे, महेश सोनकर सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का भौतिक सत्यापन स्वास्थ्य शिविर का किया निरीक्षण

**डेंगू एवं अन्य संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सर्वेक्षण, जांच और जनजागरूकता अभियान जारी**

» बीपीएस न्यूज





कानपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कानपुर नगर के मौखिक निर्देशों के अनुपालन में नोडल अधिकारी, वी.बी.डी. डॉ. राजेश्वर सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक प्रशांत वर्मा एवं एस.एल.टी. गणेश चन्द्र शंखवार ने जनपदीय टीम के साथ भीतरगांव ब्लॉक के शाह ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का भौतिक सत्यापन किया गया तथा वी.बी.डी. से संबंधित शिकायत का निस्तारण किया गया। भ्रमण के दौरान विभिन्न सहयोगी विभागों की टीमें संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों का क्रियान्वयन करती पाई गईं। संबंधित टीमों द्वारा संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही थी।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डेंगू के धनात्मक रोगियों के संबंध में केस बेस्ड गतिविधियों के अंतर्गत बुखार सर्वेक्षण, स्रोत नियंत्रण तथा अन्य आवश्यक निरोधात्मक कार्य किए जा रहे थे। टीम को क्षेत्र में इन गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं सक्रिय ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त ग्राम एवं आसपास के क्षेत्र में निवास करने वाले बीन समुदाय के लोगों को संचारी रोगों से बचाव, मच्छरों से सुरक्षा तथा घरों के आसपास जलभराव और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करने के संबंध में जागरूक किया गया।

भ्रमण के दौरान शाह ग्राम में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया गया। शिविर में मरीजों को आवश्यक औषधियां उपलब्ध कराने के साथ स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की जा रही थी। बुखार से पीड़ित मरीजों की मलेरिया, डेंगू एवं टाइफाइड की जांच भी की जा रही थी। शिविर में कुल 189 सामान्य मरीजों का परीक्षण किया गया तथा 113 मरीजों की मलेरिया, डेंगू एवं टाइफाइड संबंधी जांच की गई। जांच में मलेरिया का कोई भी धनात्मक मरीज नहीं पाया गया। डेंगू की जांच के लिए दो नमूने एसएसएच लैब भेजे गए।

जनपद के गांधी ग्राम, श्याम नगर, विजय नगर, बर्रा, स्वरूप नगर एवं किदवई नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू के सामने आए मामलों के संबंध में आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई पूरी कराई गई। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में एंटोमोलॉजिकल सर्वेक्षण, स्रोत नियंत्रण, लार्वानाशक छिड़काव तथा जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं।

अस्पताल घाट, बीबीपुर, सुलभ शौचालय के पास, सेवाग्राम कॉलोनी दादानगर, एसबीआई कॉलोनी बर्रा-तीन, बेगमपुरवा, ई-ब्लॉक किदवई नगर, संजारी गांव, डीएमएसआरडी कॉलोनी, चेन फैक्ट्री चौराहा, मलिन बस्ती विजय नगर, तुलसी नगर काकादेव, आजाद कुटिया बर्रा-दो एवं बर्रा-चार में सर्वेक्षण के दौरान कुल 564 घरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान 12 घरों में लार्वा पाया गया। कुल 5,243 पात्रों का सर्वेक्षण किया गया तथा 28 घरों में लार्वा नष्ट कराने की कार्रवाई की गई।

जनसमुदाय से अपील की गई कि घरों एवं आसपास पानी जमा न होने दें और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नियमित रूप से समाप्त करें। जलभराव वाले स्थानों पर जला हुआ मोबिल ऑयल अथवा केरोसिन डालने के बजाय संबंधित विभाग की सलाह के अनुसार सुरक्षित एवं प्रभावी उपाय अपनाएं। मच्छरों से बचाव के लिए खुली त्वचा पर उपयुक्त मच्छररोधी क्रीम का प्रयोग करें तथा शरीर के अधिकांश हिस्से को कपड़ों से ढककर रखें। लोगों को वाहक जनित एवं अन्य संचारी रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक भी किया गया।

संचारी रोगों के संबंध में सूचना देने अथवा जानकारी प्राप्त करने के लिए यूएचएम चिकित्सालय, परेड स्थित नियंत्रण कक्ष में हेल्पलाइन नंबर 0512-2333810 एवं 9335301096 संचालित हैं। सूचना प्राप्त होने पर संबंधित क्षेत्र में टीम भेजकर आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

इसी प्रकार नगर निगम स्थित नियंत्रण कक्ष में हेल्पलाइन नंबर 0512-2526004 एवं 0512-2526005 भी संचालित हैं। जनसामान्य इन नंबरों पर संचारी रोगों से संबंधित सूचना दे सकते हैं तथा आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# 7 नवंबर को कलेक्ट्रेट परिसर में कैंटीन व चाय-चाट दुकान की होगी नीलामी

**» नीलामी में भाग लेने के लिए 10 हजार रुपये की जमानत राशि जमा करना अनिवार्य**


» बीपीएस न्यूज



कानपुर। नीलाम अधिकारी/अपर नगर मजिस्ट्रेट (द्वितीय), कानपुर नगर ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि कलेक्ट्रेट परिसर, कानपुर नगर में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सुप्रीम कैंटीन एवं चाय-चाट की दुकान (मस्जिद के बगल में) की नीलामी सात नवंबर 2026 को की जाएगी।उक्त दुकान की नीलामी सात नवंबर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न होगी। नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हो सकते हैं। नीलामी में प्रतिभाग करने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले जमानत राशि के रूप में 10 हजार रुपये अग्रिम जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति के पक्ष में संपन्न की जाएगी।

नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्तों की जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्यालय दिवस में नाजिर सदर से संपर्क कर सकते हैं।

# जबरन बैनामा करने व बंधक बनाने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। थाना स्वरूप नगर पर सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति को नशीला पदार्थ देकर उसकी संपत्ति का एग्रीमेंट एवं बैनामा करा लिया गया तथा उसे लंबे समय तक बंधक बनाकर रखा गया। प्रकरण के सम्बंध में पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की गई, जिसमें उपलब्ध तथ्यों के आधार पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है। प्रकरण में तकनीकी एवं अन्य साक्ष्यों का संकलन किया जा रहा है। विवेचना में प्राप्त तथ्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। अलार्मलगाएं

# पुलिस ने विद्युत उपकरण चोरी करने वाले शातिर गैंग का किया खुलासा

**17 बिजली के पोल का तार और 1 कुंतल 64 किलो कॉपर बरामद**

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। चौबेपुर पुलिस ने विद्युत उपकरण चोरी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए बताया कि गैंग के सात सदस्यों को जादेपुर गांव के पास से किया गिरफ्तार किया गया है। पूरे घटनाक्रम को बताते हुए पुलिस उपायुक्त पश्चिम, कानपुर नगर एस.एम. कासिम आबिदी ने जानकारी दी कि पकड़े गए गैंग के शातिरों के पास से 17 बिजली के पोल का तार और 1 कुंतल 64 किलो कॉपर बरामद किया गया है।उन्होंने बताया चोरी की वारदातों में इस्तेमाल होने वाली स्कॉर्पियो समेत अन्य सामान को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से 68 हजार रुपये और चोरी में इस्तेमाल होने वाले भारी मात्रा में औजार बरामद किया है।

बर्रा निवासी कबाड़ी रंजीत पर गैंग चलाने का आरोप है और लंबे समय से विद्युत उपकरणों की चोरी की घटनाओं को यह गैंग अंजाम दे रहा था। इस गैंग के विरुद्ध आधा दर्जन थानों में मुकदमे भी दर्ज है। इस गैंग को पकड़ने पर चौबेपुर पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता मिली है।

# 16 से 30 नवंबर तक आमजन स्वयं कर सकेंगे अपनी जनगणना, एक दिसंबर से घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक

» जनसंख्या गणना में लगाए जाएंगे 10,467 प्रगणक एवं सुपरवाइजर, चार जनवरी तक चलेगा घर-घर गणना कार्य

» प्रत्येक व्यक्ति की होगी गणना, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने प्रेसवार्ता में दी जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की जानकारी

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना की तैयारियों एवं निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए जिलाधिकारी श्री महेंद्र सिंह तंवर ने आज मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि जनपद में 16 से 30 नवंबर 2026 तक आमजन स्वगणना के माध्यम से अपनी एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य करेंगे। इस महत्वपूर्ण कार्य को संपन्न कराने के लिए जनपद में कुल 10,467 प्रगणक एवं सुपरवाइजर लगाए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसंख्या गणना के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी।जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना 2027 देश की 16वीं तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आठवीं जनगणना है। पहली बार जनगणना की प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य जनसंख्या की सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति से संबंधित प्रामाणिक आंकड़ों का संकलन करना है। ये आंकड़े भविष्य में विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के आवंटन तथा जनकल्याणकारी नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत जनपद कानपुर नगर में 22 मई से 20 जून 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य संपन्न कराया जा चुका है। अब द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 से 30 नवंबर तक स्वगणना, एक दिसंबर से चार जनवरी तक घर-घर जनसंख्या गणना तथा पांच से नौ जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा।

**स्वगणना के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे परिवार की जानकारी**

जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना 2027 में आमजन को पहली बार स्वगणना की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अंतर्गत कोई भी परिवार निर्धारित अवधि में https://se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर अपने परिवार के सदस्यों की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकता है। ऑनलाइन विवरण प्रस्तुत करने के बाद एक विशिष्ट पहचान संख्या प्राप्त होगी, जिसे घर आने वाले प्रगणक को उपलब्ध कराना होगा। प्रगणक इस संख्या के आधार पर दर्ज विवरण का सत्यापन करेंगे।उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वगणना की सुविधा वैकल्पिक है। जो परिवार ऑनलाइन जानकारी दर्ज नहीं कर पाएंगे, उनकी गणना निर्धारित अवधि में घर पहुंचने वाले प्रगणकों द्वारा की जाएगी। इसके लिए प्रगणकों को डिजिटल माध्यम से जानकारी संकलित करने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी।

**40 प्रश्नों में दर्ज होगी परिवार के प्रत्येक सदस्य की जानकारी**

जिलाधिकारी ने बताया कि जनसंख्या गणना के अंतर्गत निर्धारित प्रश्नावली में कुल 40 प्रश्न शामिल हैं। इनमें परिवार के प्रत्येक सदस्य का नाम, आयु, लिंग, जन्मतिथि, जन्मस्थान, वैवाहिक स्थिति, परिवार के मुखिया से संबंध, धर्म, मातृभाषा एवं अन्य भाषाओं की जानकारी, शैक्षिक योग्यता, साक्षरता, विद्यालय अथवा शिक्षण संस्थान में उपस्थिति, रोजगार एवं आजीविका से जुड़ी गतिविधियों तथा कार्य की प्रकृति से संबंधित विवरण संकलित किया जाएगा।इसके अतिरिक्त जन्मस्थान एवं वर्तमान निवास स्थान, पूर्व निवास, प्रवासन के कारण, दिव्यांगता संबंधी विवरण, महिलाओं से संबंधित निर्धारित जनसांख्यिकीय जानकारी तथा बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच जैसे विषय भी प्रश्नावली में शामिल हैं। इन जानकारियों से जनसंख्या की संरचना, शिक्षा, रोजगार, प्रवासन एवं अन्य सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों का समग्र आकलन किया जा सकेगा।

**जनगणना में दी गई व्यक्तिगत जानकारी रहेगी गोपनीय**

जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना के दौरान प्राप्त व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। जनगणना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत व्यक्तिगत जनगणना अभिलेखों को कानूनी संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। साथ ही किसी भी व्यक्ति को बैंकिंग पासवर्ड, एटीएम अथवा यूपीआई पिन और ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी न दें।

जिलाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से जनगणना के निर्धारित कार्यक्रम, स्वगणना की प्रक्रिया तथा जनभागीदारी के महत्व का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों के संकलन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं का महत्वपूर्ण आधार है। प्रत्येक व्यक्ति की गणना सुनिश्चित करने में सभी का सहयोग आवश्यक है। आमजन स्वगणना की सुविधा का लाभ उठाएं और घर आने वाले प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं।

प्रेसवार्ता के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे. जैन तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डॉ. विवेक चतुर्वेदी ने भी जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों एवं विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी साझा की। इस अवसर पर सहायक निदेशक, जनगणना दिनेश कुमार यादव ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जनसंख्या गणना की समय-सारिणी, स्वगणना की प्रक्रिया तथा घर-घर गणना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। प्रेसवार्ता में सहायक जिला प्रभारी हिमांशु शुक्ला भी उपस्थित रहे।

**जनगणना संबंधी सहायता एवं समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन**

राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर-1855

व्हाट्सएप चैटबॉट- 18001801855

जनगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी, सहायता अथवा समस्या के समाधान के लिए आमजन राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1855 पर संपर्क कर सकते हैं। व्हाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से भी जनगणना संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यदि किसी कारणवश किसी व्यक्ति अथवा परिवार की गणना नहीं हो पाती है, तो इसकी सूचना भी हेल्पलाइन पर दी जा सकती है। संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनकी गणना सुनिश्चित कराई जाएगी।

# वोट चोरी के खिलाफ 1 नवंबर को दिल्ली में गूंजेगी कांग्रेस की हुंकार




» बीपीएस न्यूज

कानपुर। वोट चोरी, मतदाता सूची में कथित हेरफेर और लोकतंत्र पर हो रहे हमलों के खिलाफ कांग्रेस अब आर-पार की लड़ाई के मूड में है। आगामी 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस और ढूह्ढढ्ढ गठबंधन द्वारा आयोजित महारैली को सफल बनाने के लिए आज एआईसीसी के निर्देश पर राष्ट्रीय पर्यवेक्षक मनमोहन कटोच, राष्ट्रीय सचिव जगदीश जांगिड़, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, कानपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता, ग्रामीण अध्यक्ष संदीप शुक्ला एवं देहात अध्यक्ष अम्बरीश सिंह गौड़ ने तिलक हाल में प्रेस वार्ता कर महारैली की तैयारियों की जानकारी दी। वोटरगाइड देखें

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जननायक राहुल गांधी एवं विपक्ष के आह्वान पर देशभर से युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी, नौकरीपेशा और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले लाखों लोग दिल्ली पहुंचेंगे। कानपुर मंडल से भी हजारों लोगों को महारैली में शामिल कराने की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह महारैली केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के वोट, लोकतांत्रिक अधिकार और संविधान की रक्षा की निर्णायक लड़ाई का शंखनाद है।राष्ट्रीय पर्यवेक्षक मनमोहन कटोच ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि स्ढ्ढक के माध्यम से मतदाताओं के नाम काटे जाने को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस लगातार मतदाता सूची की पारदर्शिता और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि मताधिकार पर किसी भी तरह का हमला लोकतंत्र की जड़ों पर हमला है और कांग्रेस जनता के वोट की ताकत को कमजोर नहीं होने देगी।

राष्ट्रीय सचिव जगदीश जांगिड़ ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से देश का हर वर्ग परेशान है। जनता अब बदलाव चाहती है और भाजपा से छुटकारा पाने का मन बना चुकी है। 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान से उठने वाली आवाज सत्ता के अहंकार को चुनौती देगी। कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क से संसद तक जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

कानपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि कानपुर महानगर और आसपास के क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ता महारैली को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटे हैं।ग्रामीण अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने कहा कि बूथ से लेकर सड़क तक जनता को जागरूक किया जा रहा है। देहात अध्यक्ष अम्बरीश सिंह गौड़ ने कहा कि कांग्रेस का स्पष्ट संदेश है– वोट पर हमला बर्दाश्त नहीं होगा और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

# बारह देवी मंदिर के पास मेले में लगी दुकानों में भीषण आग

» आग में हुई कई दुकानें जलकर खाक फायर ब्रिगेड ने पाया काबू




» बीपीएस न्यूज

कानपुर। जूही थाना क्षेत्र स्थित बारह देवी मंदिर मेले में दुकानों में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटों ने दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे कई दुकानें जलकर खाक हो गईं।आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के दौरान मेले में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। दुकानों में रखा सामान जलने से दुकानदारों को नुकसान होने की आशंका है। हालांकि, नुकसान का वास्तविक आकलन अभी स्पष्ट नहीं है।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। संबंधित पुलिस और विभागीय टीम मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही आग लगने की वजह स्पष्ट हो सकेगी। आग से हुए नुकसान और संभावित कारणों को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने आने का इंतजार है।

# ऑनलाइन शॉपिंग के खिलाफ कांग्रेस की पदयात्रा

» दुकानदारों के समर्थन में बुलंद की आवाज




» बीपीएस न्यूज

कानपुर। त्योहारों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन से खुदरा व्यापार पर पड़ रहे असर और दुकानदारों को हो रहे नुकसान के खिलाफ आज कानपुर महानगर कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता के नेतृत्व में मेस्टन रोड,शिवाला बाजार, टोपी बाजार आदि क्षेत्रों में पदयात्रा निकालकर स्थानीय दुकानदारों के समर्थन में आवाज बुलंद की। इस दौरान 'चौपट होता खुदरा व्यापार, कारण ई-व्यापार' के नारे लगाए गए।

जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते आकर्षण के बीच छोटे दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। त्योहारों की असली रौनक हमारे बाजारों और दुकानदार भाइयों से है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि ऑनलाइन शॉपिंग छोड़ें, घरों से निकलें और कानपुर के बाजारों से खरीदारी कर स्थानीय व्यापारियों की रोजी-रोटी बचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि खुदरा व्यापार पर संकट का मतलब हजारों परिवारों की आजीविका पर संकट है। कांग्रेस स्थानीय व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए सड़क पर उतरकर संघर्ष करती रहेगी। पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। दुकानदारों ने कांग्रेस की इस पहल की सराहना की।

# कानपुर मेट्रो: कॉरिडोर-2 के अंडरग्राउंड सेक्शन में लिफ्ट और एस्केलेटर इंस्टॉलेशन का कार्य तेजी से बढ़ रहा आगे

मेक इन इंडिया' के तहत देश में ही निर्मित ऊर्जा-दक्ष लिफ्ट और एस्केलेटर यात्रियों को प्रदान करेंगे सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा


» बीपीएस न्यूज

कानपुर। मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-2 (सीएसएङ्कबर्रा-8) के लगभग 4.10 किमी लंबे अंडरग्राउंड सेक्शन के तीन स्टेशनों; रावतपुर, काकादेव और डबल पुलिया, पर लिफ्ट और एस्केलेटर इंस्टॉल करने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन स्टेशनों पर लगाए जा रहे सभी लिफ्ट और एस्केलेटर का निर्माण 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत भारत में ही किया गया है।

कॉरिडोर-2 के तीनों अंडरग्राउंड स्टेशनों पर प्रवेश द्वार से कॉनकोर्स लेवल तक तथा कॉनकोर्स से प्लेटफॉर्म लेवल तक यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए कुल 12 एस्केलेटर और 7 लिफ्ट लगाए जाने हैं। इनकी इंस्टॉलेशन प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। वहीं, कॉरिडोर-2 के एलिवेटेड सेक्शन में भी 18 एस्केलेटर और 18 लिफ्ट इंस्टॉल किए जाने हैं। वर्तमान में तीनों अंडरग्राउंड स्टेशनों पर लिफ्ट और एस्केलेटर की इंस्टॉलेशन के साथ-साथ उनकी टेस्टिंग का कार्य भी किया जा रहा है।

**पर्यावरण-अनुकूल एवं ऊर्जा-दक्ष लिफ्ट और एस्केलेटर**

उल्लेखनीय है कि कानपुर मेट्रो परियोजना में इंस्टॉल किए जा रहे सभी लिफ्ट और एस्केलेटर का निर्माण 'मेक इन इंडिया' अभियान के अंतर्गत चेन्नई में किया गया है। इनमें शामिल स्मार्ट एस्केलेटर ऊर्जा संरक्षण की दृष्टि से विशेष रूप से उपयोगी हैं। निर्धारित समय तक उपयोग में नहीं आने पर ये स्वतः बंद हो जाते हैं, जिससे बिजली की खपत कम होती है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इनमें आपातकालीन स्थिति में एस्केलेटर को तुरंत रोकने के लिए तीन इमरजेंसी स्टॉप बटन दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, ऑटोमैटिक अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से यात्रियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश भी दिए



जाते हैं। मेट्रो की लिफ्टों में रीजेनरेटिव ब्रेकिंग तकनीक का उपयोग किया गया है, जो ब्रेकिंग के दौरान ऊर्जा को पुनः उपयोग योग्य बनाकर ऊर्जा की बचत में सहायक होती है।

# गंभीर मरीज को लेने जा रही एंबुलेंस का 7 हजार का हुआ चालान


**हेड कांस्टेबल की कार्रवाई पर उठे सवाल**

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के इंदिरानगर में गंभीर मरीज को लेने जा रही एंबुलेंस का 7,000 का चालान किए जाने का मामला सामने आया है। एंबुलेंस के मालिक पंकज कटियार सिंहपुर के रहने वाले हैं। आरोप है कि यातायात पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने एंबुलेंस को रोककर उसका चालान कर दिया।

मामले को लेकर पुलिसकर्मी की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इंदिरानगर क्षेत्र में वाहनों को रोककर चालान किए जाने से अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। लोगों के मुताबिक, कुछ दिन पहले भी जाम में एंबुलेंस फंस गई थी।

अब सवाल यह है कि गंभीर मरीज को



अस्पताल लेने जा रही एंबुलेंस का चालान किन परिस्थितियों में किया गया और क्या कार्रवाई के दौरान आपातकालीन स्थिति को ध्यान में रखा गया।

# दीपावली से पूर्व मंडल की सभी सड़कें हों गड्ढामुक्त: मंडलायुक्त

» सड़क सुरक्षा को लेकर पूरे मंडल में चलेगा विशेष प्रवर्तन अभियान, तैयार होगा कार्रवाई का कैलेंडर

» नवंबर के प्रथम सप्ताह में स्कूल वाहनों की होगी सघन जांच, फिटनेस, परमिट और सुरक्षा उपकरणों की होगी पड़ताल

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन की अध्यक्षता में मंडलायुक्त शिविर कार्यालय स्थित सभागार में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंडलायुक्त ने दीपावली से पूर्व मंडल की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सड़क मरम्मत के कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने तथा दुर्घटना संभावित स्थलों पर आवश्यक सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत पूरे मंडल में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने के लिए कार्रवाई का कैलेंडर तैयार करने के निर्देश दिए।मंडलायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए सड़कों की मरम्मत, यातायात व्यवस्था में सुधार तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने मंडल के सभी ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित स्थलों) की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए चिन्हित स्थलों पर सुरक्षा संबंधी उपायों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र यमुना प्रसाद ने पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने दीपावली के अवसर पर यात्री बसों की नियमित जांच सुनिश्चित करने तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर अधिक से अधिक चालान की कार्रवाई करने को कहा।उन्होंने नवंबर के प्रथम सप्ताह में पुलिस एवं परिवहन विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर स्कूली वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान वाहनों की फिटनेस, परमिट, आवश्यक अभिलेखों, सुरक्षा उपकरणों तथा वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की जाएगी। निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन संचालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त एंबुलेंस वाहनों की भी जांच कर नियमों के उल्लंघन पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि मंडल के सभी जनपदों में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन के लिए नियमित प्रवर्तन अभियान चलाया जाए। इसके लिए पुलिस एवं परिवहन विभाग संयुक्त रूप से अभियान का कैलेंडर तैयार करें और निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति द्वारा जिला पूर्ति कार्यालय कानपुर नगर जाकर डी.एस.ओ.को राशनिंग सम्बंधित समस्याओ को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। समिति की महिला सदस्यों ने कहा देश मे महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी अपने चरम पर है गरीब परिवार सरकारी राशन वितरण प्रणाली पर निर्भर है उस पर भी बार बार गरीबो के राशन कार्ड से परिवार के सदस्यों के नाम काट दिए जाते है बार बार ऑन लाइन नाम जुड़वाने पर पैसे खर्च होते है जो उचित नहीं है। कहा कोटेदार निर्धारित मात्रा से कम राशन देते है। पूछने पर कहते है की हमे सरकार की तरफ से ही कम



राशन मिलता है। सरकारी राशन मे सिर्फ गेहूं व चावल मिलता कभी कभी मोटा आनाज जैसे मक्का व बाजरा भी मिलता है जो की शहर मे रहने वाले बच्चे नहीं खा पाते है। सरकार द्वारा गन्ने से एथेनाल बनाया जा रहा है जिसके कारण चीनी के दाम आसमान छू रहे है, जिससे त्यौहारी सीजन मे परिवारों से मिठास गायब है। पहले राशन मे चीनी मिलती थी, गरीब परिवारों को मिट्टी का तेल भी मिलता था। आज सिलेंडर लगभग 1000 रुपये का है जो गरीब परिवार की पहुँच से बाहर है।मांग करते हुए कहा कार्ड धारकों को गेहूं चावल के अतिरिक्त दाले भी वितरित की जाएँ। सभी को चीनी भी दी जाये त्योहारों के मौके पर अतिरिक्त राशन व चीनी दी जाये। राशन वितरण मे चाय पत्ती, मसाले, खाद्य तेल, सर्फ व साबुन भी शामिल किये जाये। पूर्व की भांति मिट्टी का तेल भी सभी परिवारों को दिया जाये।कहा गया कोटेदारों को सख्ती से निर्देशित किया जाये की वे जनता को कम राशन ना दें व घटतौलि ना करे कोटेदारों को निर्देशित करें की माह मे कम से कम 20 दिन अवश्य हि दुकाने खोलें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष-सुधा सिंह, सचिव-नीलम तिवारी, उपाध्यक्ष-मालती यादव, सहसचिव -आशा खालिद, संयुक्त मंत्री-धनपती यादव, सदस्य-बिमला, सरोज, सुधा बनोदिया, माजरा बेगम आदि महिलाए उपस्थित रहीं।


# चक्रवात अर्नब ने मचाया तबाही का तांडव, पांच की मौत



## आंध्र प्रदेश में भारी तबाही, ओडिशा में बाढ़-भूस्खलन से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## छत्तीसगढ़ के 12 जिलों में स्कूल बंद, कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

» बीपीएस न्यूज



विशाखापत्तनम/भुवनेश्वर। चक्रवात अर्नब के आंध्र प्रदेश और यानम के तटों से टकराने के बाद दक्षिण और मध्य भारत के कई हिस्सों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। तूफान से संबंधित घटनाओं में अब तक पांच लोगों की मौत की खबर है। आंध्र प्रदेश में तेज हवाओं से पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं और फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। ओडिशा में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव और भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, चक्रवात ने 28 अक्टूबर की सुबह बापटला और विशाखापत्तनम के बीच आंध्र प्रदेश-यानम तट को पार किया था। इस दौरान हवा की रफ्तार 125 से 135 किलोमीटर प्रति घंटा तक रही, जबकि झोंकों की गति 150 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंची। तट पार करने के बाद तूफान कमजोर पड़ने लगा और बुधवार देर रात यह गहरे दबाव के क्षेत्र में बदल गया। इसके और कमजोर होने का अनुमान है, लेकिन बारिश का खतरा अभी बना हुआ है।

आंध्र प्रदेश में चक्रवात के कारण बिजली व्यवस्था, सड़क संपर्क और कृषि क्षेत्र को व्यापक नुकसान हुआ है। निचले इलाकों में पानी भरने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रशासन राहत और बचाव कार्यों में जुटा है। ओडिशा में भी तेज बारिश के कारण सड़कें जलमग्न हुई हैं और कुछ स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। हालांकि, राज्य सरकार ने पहले से किए गए बचाव इंतजामों के कारण अब तक किसी की मौत नहीं होने की बात कही है।

चक्रवात का असर छत्तीसगढ़ में भी दिखाई दे रहा है। भारी बारिश और तेज हवाओं की आशंका के चलते आज 29 अक्टूबर को 12 जिलों में स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया गया है। रायपुर में भी स्कूलों और महाविद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा, बिहार, पूर्वी मध्य प्रदेश, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है।

प्रशासन ने लोगों को जलभराव वाले क्षेत्रों, उफनते नालों और नदियों से दूर रहने तथा बिजली के टूटे तारों के पास नहीं जाने की सलाह दी है। मौसम सामान्य होने तक सतर्कता बरतने और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

## चक्रवात से हावड़ा-चेन्नई मार्ग पर रेलवे पर असर, 9 ट्रेनें रद्द और 14 के रूट डॉयवर्ट

### ओडिशा में उफान पर बहुदा नदी, दो पुलों पर खतरा; कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित

» बीपीएस न्यूज





चक्रवात अर्नब के कारण हावड़ा-चेन्नई रेल मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ है। ओडिशा के गंजाम जिले में बहुदा नदी के उफान पर होने और दो पुलों के पास खतरे के निशान से ऊपर बहने के चलते गुरुवार को नौ ट्रेनों को रद्द करना पड़ा, जबकि 14 अन्य ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया।पूर्व तट रेलवे के अनुसार, अब तक रद्द की गई प्रमुख ट्रेनों में भुवनेश्वर और विशाखापत्तनम के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-विशाखापत्तनम इंटरसिटी एक्सप्रेस और ओडिशा की राजधानी को तेलंगाना के सिकंदराबाद से जोड़ने वाली विशाखा एक्सप्रेस शामिल हैं। पूर्व तट रेलवे ने बताया कि विशाखापत्तनम मंडल के इच्छापुरम-जाधुपुडी खंड में मार्ग पर स्थित दो पुलों पर पानी खतरे के निशान से ऊपर बहने के कारण रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं। एक अधिकारी ने कहा, ÷यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नौ ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं और 14 अन्य ट्रेनों के मार्ग बदल दिए गए हैं। रेलवे अधिकारी स्थिति पर करीबी नजर रख रहे हैं। जलस्तर घटने और इस खंड को रेल परिचालन के लिए सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद ट्रेन सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी।÷ पूर्व तट रेलवे ने एक अन्य बयान में कहा कि चक्रवात अर्नब के कारण गंजाम जिले में 550 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे बहुदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया।रेलवे ने बताया कि भारी बारिश के बाद बहुदा नदी पर बने बाघलाटी बांध में पानी का स्तर खतरे के निशान को पार कर गया। इसके कारण इच्छापुरम और जाधुपुडी के बीच रेलवे पुलों पर नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। अधिकारियों ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई एहतियाती कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि हावड़ा-चेन्नई मार्ग पर चलने वाली कई ट्रेनों के मार्ग बदल दिए गए हैं।

## जियो की बाजार में छलांग, 137 अरब डॉलर पहुंचा मूल्यांकन

» शेयर बाजार में शानदार शुरुआत के बाद रिलायंस जियो प्लेटफॉर्म्स ने एयरटेल और एचडीएफसी बैंक को पछाड़ा, रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाद देश में दूसरे स्थान पर पहुंची कंपनी

» बीपीएस न्यूज




मुंबई। मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस जियो प्लेटफॉर्म्स ने भारतीय शेयर बाजार में नया इतिहास रच दिया है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन लगभग 137 अरब डॉलर (करीब 13.1 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच गया है। इसके साथ ही जियो देश की दूसरी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनी बन गई है। पहले स्थान पर इसकी मूल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज बनी हुई है। जियो की इस उपलब्धि से भारतीय दूरसंचार और डिजिटल कारोबार में उसकी मजबूत स्थिति को नई पहचान मिली है।जियो प्लेटफॉर्म्स ने 28 अक्टूबर को शेयर बाजार में शानदार शुरुआत की। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में एक शेयर का निर्गम मूल्य 1,119 रुपये तय किया गया था, जबकि शेयर बाजार में इसकी शुरुआत 1,358 रुपये पर हुई। कारोबार के दौरान शेयर में तेजी जारी रही और यह पहले दिन 1,417.50 रुपये तक पहुंच गया। इस उछाल ने कंपनी के बाजार पूंजीकरण को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया।जियो की इस बढ़त के साथ उसने दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख प्रतिद्वंद्वी भारती एयरटेल को पीछे छोड़ दिया। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से एचडीएफसी बैंक भी उससे नीचे आ गया। कंपनी का 3.2 अरब डॉलर का आईपीओ भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक निर्गमों में शामिल हुआ। शेयर बाजार में निवेशकों की मजबूत मांग को इस शानदार शुरुआत की प्रमुख वजह माना जा रहा है।रिलायंस जियो का कारोबार केवल मोबाइल सेवाओं तक सीमित नहीं है। कंपनी दूरसंचार के साथ डिजिटल सेवाओं और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी विस्तार कर रही है। उसके पास 53 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं। कंपनी की आगे की रणनीति में डिजिटल सेवाओं का विस्तार और कारोबार की आय बढ़ाना महत्वपूर्ण होगा।हालांकि, बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक कंपनी के सामने प्रतिस्पर्धा, बड़े निवेश की जरूरत और दूरसंचार क्षेत्र के नियामकीय बदलाव जैसी चुनौतियां भी हैं। ऐसे में आगे कंपनी का प्रदर्शन इस बात पर निर्भर करेगा कि वह अपने विशाल ग्राहक आधार को टिकाऊ आय और मुनाफे में कितनी प्रभावी ढंग से बदल पाती है।

## आई-पीएसी छापेमारी में बाधा डालने के मामले में ममता बनर्जी के खिलाफ ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा

» बीपीएस न्यूज



कोलकाता। सुप्रीम कोर्ट ने 29 अक्टूबर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

इस याचिका में पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पीएसी के कोलकाता स्थित कार्यालयों में तलाशी में कथित बाधा डालने के मामले में एफआईआर दर्ज करने और जांच शुरू करने की मांग की गई थी। सुनवाई इस बात पर केंद्रित रही कि क्या इस मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा जाए या नव नियुक्त पश्चिम बंगाल सरकार को इसकी जांच करने के लिए छोड़ दिया जाए। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारी की बेंच ने सुनवाई पूरी की।बनर्जी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने तर्क दिया कि राज्य सरकार अदालत के आदेश के बिना भी मामले की जांच कर सकती है, और कहा कि सरकार परिवर्तन से राजनीतिक हस्तक्षेप की आशंकाएं दूर हो गई हैं। हालांकि, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने तर्क दिया कि आरोपी के रूप में नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी राज्य के नेतृत्व वाली जांच को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि मामले को सीबीआई को सौंपने से दुर्भावनापूर्ण इरादों के आरोप लग सकते हैं। पीठ ने सीमित मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रखने से पहले दोनों पक्षों के तर्कों पर विचार किया।ईडी की याचिका आई-पीएसी के कोलकाता कार्यालय में कथित कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की गई तलाशी से संबंधित है। एजेंसी का आरोप है कि बनर्जी तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ परिसर में पहुंचीं, अधिकारियों से बहस की और कुछ फाइलें ले गईं, जिससे जांच में बाधा उत्पन्न हुई। अन्य प्रतिवादियों में पश्चिम बंगाल के पूर्व पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार, कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा और दक्षिण कोलकाता के पूर्व उपायुक्त प्रियब्रत रॉय शामिल हैं। इन आरोपों पर कानूनी कार्यवाही जारी है।

## विधायक राजा भैया को जान से मारने की धमकी, सोशल मीडिया से आपत्तिजनक संदेश भी मिले एफआईआर दर्ज



» बीपीएस न्यूज

भदोही। जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के अध्यक्ष और कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी और आपत्तिजनक संदेश मिले हैं। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह घटना पिछले एक सप्ताह के भीतर हुई है।

धमकियां कथित तौर पर तीन अलग-अलग इंस्टाग्राम और फेसबुक खातों के माध्यम से जारी की गई थीं। गोपीगंज थाना प्रभारी सच्चिदानंद पांडे ने बताया कि रघुराज प्रताप सिंह को निशाना बनाते हुए आपत्तिजनक टिप्पणियां और धमकी भरे संदेश विभिन्न खातों से पोस्ट किए गए थे।

जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के भदोही अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने बुधवार शाम को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को कथित धमकी भरे संदेशों की प्रतियां भी सौंपी गई। शिकायत के अनुसार, ये धमकियां 23 अक्तूबर से सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही थीं। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के भदोही अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने बुधवार शाम को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि विधायक रघुराज प्रताप सिंह को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं।

इन धमकियों के साथ आपत्तिजनक संदेश भी भेजे गए हैं। पुलिस को इन कथित धमकी भरे संदेशों की प्रतियां भी उपलब्ध कराई गई हैं। गोपीगंज थाना प्रभारी सच्चिदानंद पांडे ने शिकायत की पुष्टि की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है।धमकी भरे संदेश और आपत्तिजनक टिप्पणियां तीन अलग-अलग सोशल मीडिया खातों से पोस्ट की गई थीं। ये खाते इंस्टाग्राम और फेसबुक पर सक्रिय थे। पुलिस के अनुसार, ये संदेश पिछले एक सप्ताह से प्रसारित हो रहे थे।

## बिजनौर के मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, एमबीबीएस छात्र का मुंडवा दिया सिर, 13 छात्रों की शिकायत, जांच बैठाई

» हॉस्टल वार्डन पर भी लगाया कार्रवाई नहीं करने का आरोप

» अप्रैल में रैगिंग करने पर 11 छात्रों पर हुई थी कार्रवाई

» निलंबन के बाद भी नहीं सुधरे रैगिंग करने वाले छात्र

» एंटी रैगिंग कमेटी भी जूनियर छात्रों की रैगिंग रोकने में नाकाम

» बीपीएस न्यूज



बिजनौर। महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एक बार फिर रैगिंग को लेकर चर्चाओं में हैं। मेडिकल कॉलेज में सीनियर छात्रों ने जूनियर की रैगिंग कर सिर मुंडवा दिया। छात्र के पिता ने एनएमसी से शिकायत की। मामले का संज्ञान लेते हुए एनएमसी ने प्राचार्या से एमबीबीएस के जूनियर छात्रों के साथ हुई रैगिंग, मानसिक उत्पीड़न और अभद्रता की 24 घंटे में जांच रिपोर्ट मांगी है।एनएमसी से की गई शिकायत में छात्र के पिता ने हॉस्टल प्रशासन पर भी मामले को रफादफा करने का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया कि बॉयज हॉस्टल में जूनियर छात्रों के साथ लगातार रैगिंग, अभद्रता की जा रही है और धमकी दी जा रही है। हॉस्टल में रोजाना शाम को पांच बजे से सात बजे के बीच जूनियर एमबीबीएस छात्रों के साथ रैगिंग की जा रही है।

शिकायतकर्ता ने साल 2024 बैच के सीनियर छात्रों पर रैगिंग करने का आरोप लगाया है। शिकायत में 10 से 13 सीनियर छात्रों के नाम, कमरा नंबर का भी उल्लेख किया गया है। रैगिंग की वजह से छात्र मानसिक रूप से परेशान है। रैगिंग की घटना से जूनियर छात्रों की पढ़ाई पर भी प्रभाव पड़ सकता है। इससे पहले भी मेडिकल कॉलेज में रैगिंग का मामला सामने आया था। अब शिकायत मिलने के बाद एनएमसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राचार्या से 24 घंटे में एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) मांगी है।

शिकायत में कहा गया कि रैगिंग की शिकायत पीड़ित छात्र ने हॉस्टल वार्डन से भी की। लेकिन उन्होंने रैगिंग की घटना की निष्पक्ष जांच नहीं की और बिना ठोस कार्रवाई किए जाने दिया। एनएमसी के एंटी-रैगिंग सेल के अधिकारी ने सभी 11 बिंदुओं पर स्पष्ट जवाब मांगा है। महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में रैगिंग का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले अप्रैल 2026 में छात्र की रैगिंग की गई थी। इस मामले में मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने 11 छात्रों पर कार्रवाई की थी। इनमें एक छात्र पर 10 हजार रुपये जुर्माना व छह सप्ताह का निलंबन, एक छात्र पर 10 हजार रुपये जुर्माना व चार सप्ताह का निलंबन, एक छात्र को पांच हजार रुपये जुर्माना व दो सप्ताह का निलंबन और आठ छात्रों को दो सप्ताह के निलंबन की सजा दी गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार, अप्रैल में रैगिंग करने के मामले में छात्रों को निलंबित किया गया था। इस बार भी रैगिंग में उन चार छात्रों का नाम भी सामने आया है, जिन्होंने पहले रैगिंग की थी।

निलंबन के बाद भी छात्रों में सुधार नहीं हुआ है।

## लाल साड़ी, हाथों में मेहंदी: करवा चौथ पर नर्सों का प्रदर्शन, छलनी से सरकार को दिखाई मांगें

» बीपीएस न्यूज



लखनऊ। लाल साड़ी, हाथों में मेहंदी और करवा चौथ का त्योहारज लेकिन उत्तर प्रदेश की नर्सों के चेहरे पर अपनी मांगें पूरी होने का इंतजार है। सुहाग की लंबी उम्र की कामना वाले इस त्योहार पर नर्सें अपने हक की लड़ाई भी लड़ रही हैं। शासनादेश जारी करने की मांग को लेकर उनका दो घंटे का कार्य बहिष्कार 21वें दिन भी जारी रहा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और पूर्व अपर मुख्य सचिव अमित घोष से बातचीत के बावजूद मांगें पूरी नहीं होने से नर्सों में नाराजगी है। अब राजकीय नर्सेस संघ ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द शासनादेश जारी नहीं हुआ, तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदला जा सकता है।

उत्तर प्रदेश में नर्सिंग संवर्ग की मांगों को लेकर विरोध जारी है। राजकीय नर्सेस संघ के आह्वान पर 9 अक्टूबर से शुरू हुआ दो घंटे का कार्य बहिष्कार 29 अक्टूबर को 21वें दिन भी जारी रहा। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों और राजकीय मेडिकल कॉलेजों में नर्सें काम का बहिष्कार कर अपना विरोध जता रही हैं। त्योहार के दिन भी आंदोलन जारी रहने से साफ है कि शासनादेश को लेकर नर्सों का इंतजार बढ़ता जा रहा है।

संघ के मुताबिक, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और तत्कालीन अपर मुख्य सचिव अमित घोष के साथ बातचीत में कुछ मांगों पर सहमति बनी थी। इसके बावजूद अब तक शासनादेश जारी नहीं हुआ है। इसी देरी से नर्सिंग कर्मचारियों में नाराजगी है। संघ के महामंत्री अशोक कुमार ने शासन से जल्द फैसला लेने और सहमति के मुताबिक आदेश जारी करने की मांग की है।

राजकीय नर्सेस संघ गृह जनपद में तैनाती और स्थानांतरण की व्यवस्था लागू करने की मांग कर रहा है। इसके साथ ही खाली पदों पर समय से पदोन्नति और पात्र कर्मचारियों को एसीपी का लाभ देने की मांग भी शामिल है। संघ चाहता है कि अस्पतालों में काम करने वाले कर्मचारियों के बच्चों के लिए पालनाघर यानी क्रेच की सुविधा मिले।

## बद्रीनाथ से लौट रहा हेलीकॉप्टर चाई गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त, कई थे सवार

» बीपीएस न्यूज

» छह लोग थे सवार, मलबा मिलने के बाद बचाव अभियान तेज, खराब मौसम बना चुनौती

चमोली। उत्तराखंड के चमोली जिले में शुक्रवार दोपहर बदरीनाथ से देहरादून जा रहा ट्रांस भारत एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर जोशीमठ क्षेत्र के चाई गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत छह लोग सवार थे। हादसे के बाद घटनास्थल पर बचाव अभियान शुरू किया गया। शुरुआती जानकारी में हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग की आशंका जताई गई थी, लेकिन बाद में इसके पहाड़ी ढलान से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त होने और मलबा मिलने की खबर सामने आई।

जिला प्रशासन और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हेलीकॉप्टर बदरीनाथ से देहरादून के सहस्त्रधारा हेलीपैड की ओर जा रहा था।

दोपहर करीब 2:21 बजे जोशीमठ के उपजिलाधिकारी को चाई गांव के ऊपर हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग की सूचना मिली। इसके तीन मिनट बाद, 2:24 बजे राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) की टीमें घटनास्थल के लिए रवाना कर दी गईं।हेलीकॉप्टर में पांच यात्री और एक पायलट सवार थे।

विमानन अधिकारियों के अनुसार, हेलीकॉप्टर की अंतिम लोकेशन चाई गांव के ऊपर स्थित सेना के शिविर के आसपास मिली थी। इसके बाद प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया।

खराब मौसम से बचाव कार्य प्रभावित होने की आशंका क्षेत्र में खराब मौसम, बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना के कारण बचाव अभियान चुनौतीपूर्ण हो गया। भारतीय मौसम विभाग ने चमोली में गरज-चमक, ओलावृष्टि और तेज हवाओं को लेकर चेतावनी जारी की थी। प्रतिकूल मौसम के बीच बचाव दल घटनास्थल तक पहुंचने और यात्रियों की स्थिति का पता लगाने में जुटे रहे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर नजर रखते हुए जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग और एसडीआरएफ को समन्वय के साथ बचाव कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

# मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन द्वारा जनजागरूकता अभियान का आयोजन






» बीपीएस न्यूज

कानपुर। मिशन शक्ति 6.0 के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग के हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन द्वारा महिलाओं को विभागीय योजनाओं एवं उपलब्ध सेवाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया।अभियान के दौरान महिलाओं एवं आमजन को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तीकरण से संबंधित सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।इस अवसर पर आमजन की विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अभियान के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा जरूरतमंद महिलाओं तक विभागीय सहायता सेवाओं की जानकारी पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन का यह प्रयास महिलाओं को सशक्त बनाने, उन्हें उपलब्ध सरकारी सहायता सेवाओं से जोड़ने तथा विभागीय योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा।

# पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा PET परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

**» सम्बन्धित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस उपायुक्त दक्षिण, कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा PET परीक्षा के दृष्टिगत विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सुभाष स्मारक इण्टर कॉलेज, साकेत नगर, कौशिल्या देवी बालिका इण्टर कॉलेज, किदवई नगर, श्रीमती माया देवी गर्ल्स इण्टर कॉलेज, गोविन्द नगर, डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप डी.एम.यू. इण्टर कॉलेज, गोविन्द नगर एवं चाचा नेहरू स्मारक इण्टर कॉलेज, गोविन्द नगर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की सुविधा, सुचारु आवागमन, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को परीक्षा के दौरान सतर्कता बरतने, अभ्यर्थियों के साथ शालीन व्यवहार करने तथा परीक्षा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने देने के निर्देश दिए गए।पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्क एवं तत्पर रहें।

बाबा बड़े दयालू हैं ओम नमः शिवायः बाबा बड़े दयालू हैं
बाबा आनंदेश्वर डेयरी एंड स्वीट्स
हमारे यहां शादी-विवाह के शुभ अवसरों पर पनीर, खोया, कच्चा छेना, मक्खन, क्रीम, दही, ग्रीन वैली मटर व शुद्ध देशी घी के आर्डर बुक किए जाते हैं।
(शुद्ध ताजा दूध हर समय उपलब्ध है)
24/11, बाबूपुरवा कालोनी, किदवई नगर कानपुर (मोबाइलः-9839625941)

श्याम मिल्क प्रोडक्ट डेयरी
हमारे यहाँ शुद्ध दूध, दही, पनीर, खोया, ग्रीन वैली मटर व शुद्ध मिठाई उचित मूल्य पर उपलब्ध है।
राजू राजपूत
मो. 9839909008
पता- 51 द्विवेदी नगर, तौधकपुर रोड, समाधि पुलिया, नौबस्ता कानपुर

बेहतर स्वास्थ्य के लिए सही चुनाव...
CARE-TEX®
OUR MISSION IS PATIENT CARE
30 YEARS of EXCELLENCE
दर्द कम... जीवन खुशहाल...
आपके स्वस्थ जीवन का साथी
अब पाएं Care-Tex के उच्च गुणवत्ता वाले ऑर्थोपेडिक व फिजियोथेरेपी सपोर्ट प्रोडक्ट्स हमारे यहाँ
बेहतरीन क्वालिटी
टिकाऊ और आरामदायक
डॉक्टरों द्वारा अनुशंसित
हर उम्र के लिए उपयोगी
वाजिब दाम, भरोसेमंद सेवा
अरुण कुमार अस्थाना
जय अंबे ट्रेडर्स
Wrist Band (Thumb Support)
Shoulder Immobilizer (Extra Support)
Harsons ELECTRIC BACK REST
Lumbo Sacral Belt (Contour)
हमारे उपलब्ध अन्य प्रमुख प्रोडक्ट्स
Knee Cap
Ankle Support
Elbow Support
Cervical Collar
Arm Sling
Wrist Support
Posture Belt
Finger Support
दर्द से राहत बेहतर समर्थन
उच्च गुणवत्ता
वाजिब दाम बेहतर सेवा
डॉक्टरों की पहली पसंद
30 वर्षों का विश्वास
Caretex कार्यालय
19/174, पटकापुर, कानपुर
संपर्क करें 9936442547, 7705800400
★★★ आपकी सेहत... हमारी प्राथमिकता | Care-Tex – मरीजों की देखभाल ही हमारा लक्ष्य ★★

अकाना होम डेवलपर्स लाया है अब आपके शहर कानपुर व उन्नाव में आसान व मासिक किस्तों पर
AKANA HOME DEVELOPERS
तुरन्त रजिस्ट्री तुरन्त कब्जा लें
बिना ब्याज के
अकाना होम डेवलपर्स
आवासीय प्लाट
हमारी साईट :
पाली
सेन पश्चिम पारा
मंझावन
नौबस्ता आवास विकास
रमईपुर
जाजमऊ गंगापुर
पता- 34, सुभाष कॉम्पलेक्स, मधुलोक हॉस्पिटल चौराहा, नौबस्ता, कानपुर नगर
Mob. : 9000531538 9

साँई पेपर कप ग्लास मैन्यूफैक्चर
महेंद्र पटेल प्रबंधक
माधुरी पटेल डायरेक्टर
पेपर ग्लास – 55, 65, 85, 90, 100, 110, 130, 150, 200, 210, 250, 300, 330 ML खरीदने हेतु सम्पर्क करें
9919772233 7985401046
पताः- प्लाट नं. 22 जरौली फेस-2 कानपुर नगर

Since:1992
Sahu Ji Maharaj Restaurant
राजसी ठाट देसी अंदाज़
638 Y-1 ब्लाक किदवई नगर (निकट दासू कुआं चौराहा . नौबस्ता कानपुर)
M: 8303637506
9792526852

# मेंटल हेल्थ बिगाड़ रही देर रात रील्स देखने की आदत, बनाएं फोन से दूरी

**आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में दिनभर के काम को खत्म करने के बाद रात में आराम करने के लिए समय मिलता है। अक्सर लोग रात में सोने से पहले स्मार्टफोन का यूज जरूर करते हैं। कुछ लोग सोशल मीडिया की खबरों के लिए फोन देखते हैं। लेकिन सोशल मीडिया पर बिताया कुछ समय कब घंटों में बदल जाता है, पता ही नहीं चलता है। बता दें कि आजकल लोगों के बीच में एक ट्रेंड काफी ज्यादा देखने को मिल रहा है। दरअसल, हम बात कर रहे हैं सोशल मीडिया और इंटरनेट पर लगातार रील्स या नकारात्मक कंटेंट स्क्रॉल करते रहने की आदत को 'डूमस्क्रॉलिंग' कहा जाता है। यह व्यक्ति के दिमाग को तनाव और एंग्जायटी से भर देता है। जिस कारण रात को नींद भी पूरी नहीं हो पाती है। अगर आपके साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है और आप भी पूरी रात फोन में कुछ न कुछ स्क्रॉल करती रहती हैं, तो आप इसक आदत से छुटकारा पाने के लिए कुछ स्मार्ट डिजिटल हैक्स अपना सकती हैं।**




बता दें कि रात को बिस्तर में लेटकर फोन चलाना आपके मेंटल हेल्थ को बिगाड़ सकता है। ऐसे में आप नीचे बताए गए कुछ हैक्स को फॉलो कर सकती हैं।

जब भी हम लगातार स्मार्टफोन की स्क्रीन को देखते रहते हैं। तो हमारा दिमाग नई-नई चीजों को जानने में उलझा रहता है। जिसका हमारी आंखों पर गहरा असर पड़ता है और नींद गायब हो जाती है। ऐसा करने से आपको दिनभर थकावट महसूस होती है और आपका चेहरा भी डल दिख सकता है।

इस आदत से छुटकारा पाने के लिए रात को सोने से करीब 1 घंटे पहले फोन की डिस्प्ले सेटिंग में जाकर 'ग्रेस्केल मोड' यानी ब्लैक एंड व्हाइट मोड को ऑन कर दें। इससे स्क्रीन से अट्रैक्टिव कलर्स हट जाते हैं और आपका मन खुद-ब-खुद फोन इस्तेमाल करने का नहीं होता है। इससे थोड़ी देर में आप फोन को अलग रख देंगे। ज्यादातर लोग रात भर फोन चलाने के बाद सोते समय इसको सिरहाने या फिर तकिए के पास रखकर सो जाते हैं। जोकि सबसे बड़ी गलती होती है। अलार्म के लिए फोन को पास रखने की जगह पारंपरिक अलार्म क्लॉक का यूज करें। साथ ही स्मार्टफोन को बिस्तर से करीब 6-7 फीट दूर या फिर दूसरे कमरे में रख दें। जब फोन आपसे दूर होगा, तो रात में अचानक नींद खुलने पर आप इसको बार-बार चेक नहीं करेंगी और बिना किसी दखल के सुकून भरी नींद ले पाएंगी।अब रात में घंटों तक फोन को स्क्रॉल करना एक आम आदत बन चुकी है। देर रात तक रील्स या फिर खबरे देखते रहना आपकी नींद और दिमागी शांति को छीन सकता है। अच्छी सेहत और नींद के लिए आज से ही इन डिजिटल हैक्स को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना सकती हैं।

# फिल्मों की रोशनी में भी बदलता है समाज



सिनेमा को केवल मनोरंजन की खिड़की मानना उसके प्रभाव को सीमित करना है। वह समाज की सामूहिक चेतना का आईना भी है और कभी-कभी हथौड़ा भी, जो जमी हुई धारणाओं पर चोट करता है। 'अछूत कन्या' से 'मदर इंडिया', 'दो आंखें बारह हाथ' से 'दामिनी', तारे जमीन पर से 'पिंक' और 'आर्टिकल 15' से 'अस्सी' तक हिंदी सिनेमा की एक समानांतर धारा ऐसी रही, जो दर्शक को केवल कहानी सुनाकर नहीं छोड़ती, बल्कि उससे सवाल पूछती है। असली समाज सुधार शायद वहीं से शुरू होता है, जब दर्शक सिनेमाघर से बाहर निकलने के बाद भी फिल्म के सवालों से बाहर नहीं निकल पाता।

फिल्मों पर अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि वे अपराध को बढ़ावा देती हैं। यह आरोप पूरी तरह निराधार भी नहीं है। कई अपराधियों ने पुलिस पूछताछ के दौरान फिल्मों से अपराध करने की तरकीब या प्रेरणा मिलने की बात कही है। लेकिन सिनेमा को केवल उसके नकारात्मक प्रभावों के आधार पर देखना उसके सामाजिक महत्व को बहुत छोटा कर देना होगा। जिस परदे से अपराध की नकल की जा सकती है, उसी परदे से संवेदना, समानता, न्याय और बदलाव की आकांक्षा भी पैदा हो सकती है। वास्तव में सिनेमा समाज का केवल प्रतिबिंब नहीं है, वह कई बार समाज के भीतर चल रही हलचल को दिशा देने वाला माध्यम भी बन जाता है। दर्शक जब किसी पात्र के दुख, संघर्ष या जीत से जुड़ता है तो वह कुछ देर के लिए उस कहानी का सहभागी बन जाता है। यही सिनेमा की सबसे बड़ी सामाजिक शक्ति है। महात्मा गांधी ने अपने जीवन पर 'सत्यवादी हरिश्चंद्र' के प्रभाव का उल्लेख किया था। राजा हरिश्चंद्र की सत्यनिष्ठा ने बाल गांधी के मन पर ऐसी छाप छोड़ी कि सत्य उनके जीवन का मूल मूल्य बन गया। यह उदाहरण बताता है कि सिनेमा या दृश्य माध्यमों की शक्ति केवल मनोरंजन में नहीं, संस्कार निर्माण में भी छिपी है।

बाद के वर्षों में 'दो आंखें बारह हाथ' ने अपराधी को केवल दंड देने के बजाय उसे सुधारने की संभावना सामने रखी। 'जिस देश में गंगा बहती है' ने डाकुओं के आत्मसमर्पण और पुनर्वास की कल्पना को लोकप्रिय विमर्श का हिस्सा बनाया। 'आवारा' ने जन्मजात अपराधी की धारणा पर सवाल खड़ा किया और यह विचार सामने रखा कि व्यक्ति के चरित्र को उसके सामाजिक और आर्थिक परिवेश से अलग करके नहीं समझा जा सकता। सिनेमा का यह समाज सुधारक रूप यहीं नहीं रुका। 'अछूत कन्या' ने जातिगत ऊंच-नीच के बीच प्रेम की कहानी के माध्यम से सामाजिक दीवार को चुनौती दी। 'दो बीघा जमीन' ने किसान और गरीबी के प्रश्न को भावुकता से आगे ले जाकर सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था के सवाल से जोड़ा। 'मदर इंडिया' ने भारतीय किसान, साहूकारी शोषण, स्त्री के संघर्ष और परिवार की नैतिकता को एक साथ परदे पर रखा। 'बंदिनी' ने स्त्री के जीवन और स्वतंत्रता को लेकर समाज की कठोरता पर सवाल उठाए। 'प्रेम रोग' ने विधवा विवाह जैसे विषय को मुख्यधारा के मनोरंजन का हिस्सा बनाया। 'दामिनी' ने यौन हिंसा के विरुद्ध एक स्त्री के संघर्ष को अदालत और परिवार के बीच स्थापित किया।

बाद के दौर में सिनेमा ने सामाजिक सवालों को और अधिक प्रत्यक्ष रूप से उठाया। 'तारे जमीन पर' ने बच्चों की सीखने की अलग-अलग क्षमताओं को समझने की जरूरत बताई। 'श्री इडियट्स' ने शिक्षा को केवल अंक, प्रतियोगिता और नौकरी की मशीन बनाने वाली व्यवस्था पर सवाल उठाया। 'चक दे! इंडिया' ने महिला खिलाड़ियों के संघर्ष के साथ क्षेत्रीय और धार्मिक पूर्वाग्रहों को चुनौती दी।

# खेल प्रतिभाओं को मिलेगी नई पहचान
## ग्रामीण क्षेत्रों तक बढ़ेंगी खेल सुविधाएं

**» खिलाड़ियों की उपलब्धियों का तैयार होगा रिकॉर्ड, सालभर खेल गतिविधियों के आयोजन पर जोर**

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। जनपद में खेल प्रतिभाओं की पहचान, उन्हें प्रोत्साहन देने और ग्रामीण क्षेत्रों तक खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए जिला प्रशासन कार्ययोजना तैयार करेगा। जनपद के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की उपलब्धियों का व्यवस्थित रिकॉर्ड तैयार करने के साथ खेल प्रतियोगिताओं का वार्षिक कैलेंडर भी बनाया जाएगा। मंगलवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी श्री महेंद्र सिंह तंवर ने जिला खेल प्रोत्साहन समिति तथा युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए इस संबंध में निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में खेलों के विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाए। इसमें खेल संबंधी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की कार्ययोजना शामिल हो। उन्होंने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक ग्रामीण स्टेडियम की स्थापना का प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने क्रीड़ा विभाग एवं युवा कल्याण विभाग को आपसी समन्वय से खेल प्रतियोगिताओं का वार्षिक कैलेंडर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की प्रोफाइलिंग की जाए। राज्य, राष्ट्रीय एवं अन्य स्तरों पर उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों का विवरण संकलित कर उनकी उपलब्धियों को व्यापक पहचान दिलाई जाए। इससे नई खेल प्रतिभाओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

युवा कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने युवक मंगल दलों को अधिक सक्रिय बनाने तथा अधिक से अधिक युवाओं को इनसे जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण युवाओं की खेलकूद, सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया।

बैठक में युवा उत्सव, युवा केंद्र योजना सहित विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे. जैन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी अमित सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी करमवीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 93 जोड़े बंधे विवाह बंधन में, जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

**» मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भीतरगांव में हुआ आयोजन, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए विवाह**

**» प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये का प्रावधान, कन्या के खाते में मिलेंगे 64 हजार रुपये**

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। शहनाई की मधुर धुन, वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विवाह की रस्मों के बीच शुक्रवार को 93 जोड़ों ने अपने नए जीवन की शुरुआत की। अवसर था मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकासखंड भीतरगांव की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह समारोह का। हमीरपुर रोड स्थित कठेरुआ के क्षत्रिय पैलेस में आयोजित समारोह में एक ओर वैदिक मंत्रों के बीच विवाह की रस्में पूरी हुईं, वहीं आठ जोड़ों का विवाह मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित इस समारोह में विभिन्न वर्गों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह संपन्न कराए गए। इनमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के 66, अन्य पिछड़ा वर्ग के 18, सामान्य वर्ग का एक तथा अल्पसंख्यक वर्ग के आठ जोड़े शामिल रहे। योजना के माध्यम से निर्धन एवं निराश्रित परिवारों की बेटियों के साथ ही पात्र विधवा, परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिलाओं को भी विवाह के लिए सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

समारोह में नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन की शुरुआत के लिए आवश्यक उपहार सामग्री प्रदान की गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये का प्रावधान है। इसमें 64 हजार रुपये की आर्थिक सहायता कन्या के बैंक खाते में ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाती है। इसके अतिरिक्त 21 हजार रुपये की उपहार सामग्री प्रदान की जाती है, जबकि 15 हजार रुपये प्रति जोड़ा भोजन, पंडाल, फर्नीचर, पेयजल, विद्युत एवं प्रकाश सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर व्यय किए जाते हैं। इस प्रकार योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेटियों के विवाह में महत्वपूर्ण सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

विवाह समारोह में पारंपरिक उत्सव की झलक भी देखने को मिली। मुख्य द्वार पर शहनाई वादन के साथ वर-वधू और उनके परिजनों का स्वागत किया गया। स्थानीय कलाकारों ने राधा-कृष्ण की रासलीला पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विवाह की रस्मों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच पूरा आयोजन स्थल उत्सवमय रहा। सभी 93 जोड़ों के विवाह संबंधित धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं के अनुसार संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख भीतरगांव अशोक कुमार सचान, उनकी पीठ थपथपाई, शाबाशी दी और उनके लिए खाने-पीने का सामान भी मंगवाया।

चौकी में तैनात उप निरीक्षक नारायण पांडेय ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल उसके वास्तविक मालिक शिवा सैनी (15 वर्ष), निवासी सर्वोदय नगर, थाना काकादेव क्षेत्र को वापस दिलाया। बच्चों की इस पहल ने साबित किया कि ईमानदारी की सीख केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि संस्कारों में जीवित है।

वहीं, चौकी प्रभारी का संवेदनशील व्यवहार पुलिस और आमजन के बीच विश्वास मजबूत करने वाला कदम बना। इन बच्चों की ईमानदारी समाज के लिए एक संदेश है कि सड़क पर मिली वस्तु किसी दूसरे की अमानत होती है और उसे सही मालिक तक पहुंचाना ही सच्ची इंसानियत है।

# बच्चों ने पेश की ईमानदारी की मिसाल, सड़क पर मिला मोबाइल चौकी पहुंचकर लौटाया



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। आज के दौर में जहां लोग छोटी-छोटी बातों में अपने स्वार्थ को प्राथमिकता देते हैं, वहीं कानपुर के काकादेव में बच्चों ने ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी की ऐसी मिसाल पेश की, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। मदर टेरेसा स्कूल के तन्मय गौड़, कानपुर पब्लिक स्कूल के वंश गौतम और रावतपुर के अन्य बच्चों को रास्ते में एक मोबाइल फोन पड़ा मिला।

मोबाइल अपने पास रखने के बजाय बच्चे उसे लेकर काकादेव थाना क्षेत्र चौकी पांडु नगर पहुंचे और चौकी प्रभारी रवि कुमार को सौंपते हुए कहा कि यह फोन जिसके भी हो, उसे वापस कर दिया जाए। बच्चों की इस सही सोच और ईमानदार पहल से प्रभावित चौकी प्रभारी ने

# बिना मानकों के चल रहा था फर्जी आरओ वाटर प्लांट पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने मारा छापा,मचा हड़कंप

**» 312 बोतलें सीज, रजिस्ट्रेशन किया गया रद्द**

» बीपीएस न्यूज





कानपुर। शहर में आम जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों और अवैध कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (स्वस्थ) की टीम ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में विभाग की टीम ने पनकी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक घर में बिना मानक और बिना लैब के अवैध रूप से चलाए जा रहे आर.ओ. वाटर पैकेजिंग प्लांट का भंडाफोड़ किया है। मौके से भारी मात्रा में पैकेज्ड वाटर बॉटल सीज करते हुए कारोबारी का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।घर के भीतर से हो रहा था पैकेजिंग का काला कारोबार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि पनकी के 1051, बी-ब्लॉक स्थित एक मकान में अवैध रूप से पानी की बॉटलिंग का काम किया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने मकान पर छापेमारी की। जांच के दौरान पाया गया कि आतिश जायसवाल नामक व्यक्ति अपने घर के अंदर ही प्लांट लगाकर 'रिवेरा' ब्रांड के नाम से पानी की बोतलें पैक कर बाजार में बेचने की तैयारी कर रहा था।जांच के लिए सैंपल लेकर 312 बोतलें सीज की गईं कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 'रिवेरा' ब्रांड पानी का एक सैंपल एकत्र कर जांच (लैब एनालिसिस) के लिए भेजा। इसके साथ ही मौके पर मौजूद 312 भरी हुई पानी की बोतलों (अनुमानित कीमत 6,240) को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। जब्त की गई सामग्री को फिलहाल खाद्य कारोबारकर्ता की सुरक्षित अभिरक्षा में दे दिया गया है।मानकों की धज्जियां उड़ीं- न लैब, न पेस्ट कंट्रोल, न मेडिकल सर्टिफिकेट छापेमारी के दौरान प्लांट परिसर में नियमों और सुरक्षा मानकों का भारी उल्लंघन देखने को मिला-जांच लैब और सिस्टम नदारद- पानी की शुद्धता जांचने के लिए परिसर में कोई लैब मौजूद नहीं थी। प्लांट में- (अल्ट्रावायलेट) और आयनाइजेशन जैसे प्राथमिक शोधन सिस्टम भी नहीं पाए गए।सुरक्षा रिपोर्ट गायब- पैकेजिंग मटेरियल के फूड-ग्रेड होने का सर्टिफिकेट, पानी की जैविक व हेवी मेटल्स जांच रिपोर्ट तथा पेस्टिसाइड्स रेसिड्यू (कीटनाशक अवशेष) जांच रिपोर्ट मौके पर नहीं मिली।कर्मचारियों का मेडिकल और सफाई शून्य- काम करने वाले कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट, क्लीनिंग रिकॉर्ड, पेस्ट कंट्रोल रिकॉर्ड और बैच नंबर का विवरण पूरी तरह नदारद था।शेड्यूल 4B का उल्लंघन- परिसर में साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब थी और यह खाद्य सुरक्षा नियम 'शेड्यूल 4B ' के मानकों के बिल्कुल विपरीत पाई गई।

खाद्य लाइसेंस किया गया निरस्त अवैध रूप से पानी की पैकिंग कर रहे खाद्य कारोबारकर्ता आतिश जायसवाल ने पूछताछ में पैकेजिंग नियमों की जानकारी न होने की बात कही। नियमों का उल्लंघन और गंभीर कमियों को देखते हुए विभाग ने मौके पर ही उसके खाद्य पंजीकरण को निरस्त कर दिया। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कठोर दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

# खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई कलेक्टरगंज में मिठाई और बेसन के प्रतिष्ठान से लिए गए 2 नमूने

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। शहर में मिलावटी और अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी क्रम में खाद्य विभाग की टीम ने कानपुर जनपदीय सचल दल के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए कलेक्टरगंज स्थित प्रतिष्ठान पर छापा मारा।प्राप्त जानकारी के अनुसार, टीम ने स्थान 73, कलेक्टरगंज स्थित एफबीओ (FBO) आकाश गुप्ता के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। कार्रवाई के दौरान खाद्य अधिकारियों द्वारा मौके से दो खाद्य पदार्थों के विधिक नमूने (Legal Samples) एकत्र किए गए- इमरती का नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी (FSO) श्री नरेंद्र कुमार द्वारा लिया गया।बेसन का नमूना खाद्य सुरक्षा अधिकारी (FSO) श्रीमती किरन यादव द्वारा लिया गया।खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एकत्र किए गए दोनों नमूनों को परीक्षण के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की विधिक व प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य खाद्य कारोबारियों में हड़कंप का माहौल बना रहा। अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी कारोबारी को बख्शा नहीं जाएगा और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



# रोजगार मेले में 652 छात्र छात्राओं को मिली नौकरी, खिले चेहरे



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशनके अन्तर्गत प्रादेशिक सेवा योजन कार्यालय कानपुर एवं एस जे महाविद्यालय रम ईपुर कानपुर नगर के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 10बजे से एस जे महाविद्यालय रमईपुर परिसर में एक व्दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया।

उक्त रोजगार मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि अभिजीत सिंह सांगा जी विधायक विधानसभा क्षेत्र बिठूर कानपुर एवं एस जे महाविद्यालय कानपुर के व्दारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया उक्त आयोजित रोजगार मेले में कालेज प्रबंधन की ओर से पुनीत कटियार सुनीता कटियार, सुबोध कटियार एवं अंकित कटियार भी उपस्थित थे इस रोजगार मेले आये अतिथियों, नियोजकों एवं छात्र छात्राओं का स्वागत करते हुए सुबोध कटियार ने कहां कि शिक्षा की सार्थकता छात्र छात्राओं को आत्म निर्भर बनाने में है।रोजगार मेले के अवसर पर मुख्य अतिथि अभिजीत सिंह सांगा ने अपने सम्बोधन में उ प्र सरकार व्दारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि देश में प्रदेश एवं कानपुर के चौमुखी विकास होने में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हों रहे हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित प्रेषित करते हुए कहा कि इस प्रकार रोजगार मेले युवाओं के कैरियर निर्माण में अत्यन्त महत्वपूर्ण है । उन्होंने कहा कि सेवायोजन कार्यालय कानपुर के व्दारा आयोजित रोजगार मेले छात्र छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराते हैं ।

साथ ही कहा कि यदि इसी प्रकार सेवायोजन कार्यालय एंव कालेज प्रबंधन छात्र छात्राओं को शिक्षण संस्थानों में उनकी शिक्षा पूर्ण करते ही उन्हें रोजगार मुहैएया करा दें तो राष्ट्र समाज, और शिक्षा तीनों का अतुलनीय सहयोग होगा। उज्ज्वल कुमार सिंह, सहायक निदेशक (सेवायोजन,) कानपुर मण्डल कानपुर ने सेवा योजन विभाग से संचालित योजनाओं जैसे रोजगार संगम, पोर्टल, सेवा मित्र एप, ओवरसीज वैकेंसी एंव आउटसोर्सिंग भर्ती आदि विषय की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सेवायोजन कार्यालय कानपुर उत्तरप्रदेश रोजगार मिशनके अन्तर्गत हर हाथ, हर परिवार को रोजगार उपलब्ध कराकर उसे आत्म निर्भर बनाने हेतु दृढ़ संकल्पित है। उक्त रोजगार मेले के मंच का सफल ?संचालन डां सुनीता वर्मा के व्दारा किया गया ।

इस? रोजगार मेले में बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न क्षेत्रों की कम्पनियों व्दारा उपस्थिति 1472 छात्र छात्राओं में से 652 छात्र छात्राओं को उनकी शैक्षिक योग्यता एवं सात्क्षाकार के आधार पर रू10000/-से45000/ प्रतिमाह के वेतन पर शार्ट लिस्ट/चयनित किया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथि माननीय अभिजीत सिंह सांगा जी के व्दारा चयनित छात्र छात्राओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गये।

# वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

» सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प

» अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली सामूहिक शपथ

» बीपीएस न्यूज






कानपुर। भारत रत्न, लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर आज नवीन सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर देश की एकता, अखंडता एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान का स्मरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की सामूहिक शपथ ली।कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देशी रियासतों के भारतीय संघ में विलय और एक सशक्त एवं एकीकृत भारत के निर्माण में उनकी निर्णायक भूमिका को रेखांकित किया गया। दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व के बल पर सरदार पटेल ने राष्ट्रीय एकीकरण की ऐतिहासिक चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया। उनके प्रयासों ने आधुनिक भारत की एकता एवं अखंडता की मजबूत आधारशिला रखी।इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने तथा देशवासियों के बीच राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रसारित करने की सामूहिक शपथ ली। साथ ही देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प व्यक्त किया।कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर नगर मजिस्ट्रेटगण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प व्यक्त किया।

# दीपावली व भाई दूज से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा एक्शन

» 10 कुंतल मिलावटी मिठाई नष्ट, खोया जब्त, प्रतिष्ठान पर लटकी निलंबन की तलवार

» बीपीएस न्यूज





कानपुर। आगामी त्यौहारों (दीपावली एवं भाई दूज) के मद्देनजर आम जनमानस को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के आयुक्त के निर्देशों पर प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी कानपुर के आदेशानुसार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कानपुर नगर के सहायक आयुक्त संजय प्रताप सिंह द्वारा गठित विशेष टीमों ने शनिवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

1. **स्वर्ण जयंती विहारः** 10 कुंतल दूषित मिठाई नष्ट, लगभग 2 लाख रुपये का माल जब्त

टीम द्वारा स्वर्ण जयंती विहार (कोयला नगर, देहली सुजानपुर, कानपुर नगर) स्थित एक मिष्ठान निर्माणशाला पर छापेमारी की गई। निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर भारी अनियमितता और अस्वस्थकर परिस्थितियां पाई गईं। मौके पर तैयार की जा रही लगभग 10 कुंतल खराब व अत्यधिक रंगीन मिठाई को विभागीय टीम द्वारा तत्काल नष्ट कराया गया, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख रुपये बताई जा रही है।

टीम ने मौके से मिठाई के दो नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेज दिए हैं। अधिकारियों के अनुसार, जांच रिपोर्ट आने के पश्चात संबंधित कारोबारी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अत्यंत अस्वस्थकर माहौल में मिष्ठान निर्माण किए जाने के कारण प्रतिष्ठान का कार्य तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है तथा सुधार होने तक उसका पंजीकरण निलंबित करने की संस्तुति की गई है।

2. **घंटाघरः** औरैया से लाया गया 2.40 कुंतल मिलावटी खोया नष्ट

दूसरी कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सोमनाथ कुशवाहा और डॉ. देवेन्द्र सिंह आजाद की संयुक्त टीम ने घंटाघर के पास छापेमारी की। टीम ने औरैया से एक चारपहिया वाहन (इको) में भरकर लाए गए लगभग 2 कुंतल 40 किलो खोये (अनुमानित कीमत 84,000) को पकड़ा।जांच में खोया बेहद गंदे कपड़ों में लपेटा हुआ और अत्यंत अस्वस्थकर परिस्थितियों में रखा पाया गया। मानव उपभोग और बिक्री के लिए पूरी तरह अनुपयुक्त पाए जाने पर इस पूरे खोये को नगर निगम के डंपिंग यार्ड में ले जाकर नष्ट करवा दिया गया।

3. **पनकी कैटरर्स के यहां अनहाइजीनिक स्थिति में मिला खोया नष्ट**

तीसरी कार्रवाई पनकी क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर रामनरेश कैटरर्स के यहां की गई। निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारकर्ता ने बताया कि त्यौहारों के समय मांग बढ़ने पर वह मिठाइयां बनाकर छोटी-छोटी दुकानों पर बेचता है और शनिवार से ही निर्माण कार्य शुरू किया जाना था। मौके पर कुल 30 किलो खोया (अनुमानित मूल्य 11,400) काफी अनहाइजीनिक अवस्था में भंडारित मिला। खाद्य सुरक्षा टीम ने नियमानुसार खोये का एक नमूना जांच के लिए संग्रहित किया तथा शेष बचे असुरक्षित खोये को मौके पर ही विनष्ट करा दिया।

**विभागीय चेतावनी**

सहायक आयुक्त संजय प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया है कि त्यौहारों के अवसर पर मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के विरुद्ध पुलिस का बड़ा सर्च ऑपरेशन

» लगभग 11 किलोग्राम गांजा बरामद, 03 अभियुक्त गिरफ्तार

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। थाना किदवई नगर क्षेत्रान्तर्गत कंजरपुरवा मोहल्ले में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री एवं बाहरी व्यक्तियों द्वारा यहां से मादक पदार्थ खरीदकर ले जाने के संबंध में लगातार सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इन सूचनाओं के दृष्टिगत 1 नवंबर 2026 को प्रातः लगभग 05ः00 बजे एसीपी घाटमपुर के पर्यवेक्षण में दक्षिण जोन की चार थानों की पुलिस टीमों द्वारा संयुक्त रूप से व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया गया।इस अभियान में लगभग 135 पुलिसकर्मी शामिल रहे। पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर पांच अलग-अलग टीमें गठित की गईं, जिन्होंने विभिन्न स्थानों पर एक साथ सघन चेकिंग एवं तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी क्षेत्र की निगरानी की गई। पुलिस की कार्रवाई के दौरान कुछ व्यक्तियों द्वारा मौके से भागने का प्रयास किया गया, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। अब तक की कार्रवाई में सागर, अरमान एवं एक महिला सहित कुल 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से लगभग 11 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है।अभियान के दौरान पुलिस की अन्य टीमें भी लगातार सर्च ऑपरेशन में जुटी हुई हैं। मादक पदार्थों की अवैध बरामदगी एवं इस कारोबार में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस संयुक्त अभियान में एसीपी घाटमपुर सहित थाना बाबूपुरवा, किदवई नगर, जूही एवं गोविंद नगर की पुलिस टीमें शामिल रहीं।

इस कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा बाहर से आकर मादक पदार्थ खरीदने वाले व्यक्तियों एवं इस अवैध कारोबार में संलिप्त नेटवर्क के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करना है। कमिश्नरेट पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध इस प्रकार के सघन अभियान आगे भी निरंतर जारी रखे जाएंगे।







बीपीएस न्यूज (साप्ताहिक समाचार पत्र)

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. के.पी. सिटी 304/2027-2029, संपादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502, व्हाट्सअप 9335908846
email:bps.knp786@gmail.com, info@bpsnews.in , www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओ की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनो के अंदर भेजे।